# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर धनबाद में भाजपा नेताओं ने की विशेष पूजा


• बोकारो, गुरुवार 11 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 25 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# राज्यपाल ने चार सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर लगायी मुहर, अधिसूचना जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल ने उस पैनल को मंजूरी दे दी है जिसमें राज्य सरकार ने चार लोगों को सूचना आयुक्त नियुक्त करने की अनुशंसा की थी। मंजूरी मिलने के बाद वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और भाजपा नेता शिवपूजन पाठक के सूचना आयुक्त बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राजभवन सचिवालय ने इसकी पुष्टि की है। राज्य सरकार ने इन चार नामों की अनुशंसा करते हुए पैनल राज्यपाल के पास भेजा था। हालांकि पहली बार राजभवन ने कुछ आपत्तियां जताते हुए प्रस्ताव को वापस कर दिया था। इसके बाद सरकार ने पुनः वही पैनल राज्यपाल को भेजा और संबंधित आपत्तियों पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। राज्यपाल द्वारा उक्त नियुक्तियां कुछ शर्तों के साथ अनुमोदित की गई हैं। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए ताकि आयोग का कार्य सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में यदि कोई प्रक्रियागत त्रुटि पाई जाती है अथवा इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन से संबंधित कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो उसकी संपूर्ण



जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सबसे अधिक चर्चा पैनल में शामिल कुछ नामों के राजनीतिक संबंधों को लेकर हुई थी। अमूल्य नीरज खलखो का कांग्रेस से, तनुज खत्री का झामुमो से और शिवपूजन पाठक का भाजपा से जुड़ाव होने की बात सामने आई थी। विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक संगठनों ने सूचना आयोग जैसे संवैधानिक महत्व के संस्थान में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए थे। सरकार ने दोबारा भेजे गए प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ आरोपों का उल्लेख किया गया था, वे आरोपों से मुक्त हो चुके हैं। साथ ही राजनीतिक दलों से जुड़े नाम नियुक्ति के बाद अपने-अपने पदों से इस्तीफा देंगे। सरकार ने यह भी कहा कि संबंधित व्यक्ति किसी राजनीतिक दल में लाभ के पद पर नहीं हैं। सरकार के स्पष्टीकरण के बाद राज्यपाल ने पैनल को मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही राज्य सूचना आयोग में लंबे समय से लंबित नियुक्तियों को लेकर चल रही प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। अब औपचारिक अधिसूचना जारी होने के बाद चारों नए सूचना आयुक्त अपना कार्यभार संभाल सकेंगे। इस बीच राज्य सरकार ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार के हस्ताक्षर से नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी की गयी है। वह फिलहाल कार्मिक विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्यपाल ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 15(3) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल द्वारा स्वीकृत चार लोगों को सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्त किया है।

## आज गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 जून को हिस्सा लेंगे। बैठक हिस्सा लेने के लिए वह बुधवार को दिल्ली रवाना हो गये हैं। नीति आयोग की यह बैठक युवाओं पर केंद्रित होगी। मुख्यमंत्री राज्य में युवाओं के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों और मिल रही सफलताओं का उल्लेख करेंगे। साथ ही राज्य के विकास, केंद्र से अपेक्षित सहयोग तथा झारखंड की विशेष जरूरतों को प्रमुखता से उठायेंगे। उनके साथ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी बैठक में शामिल होगा। जिसमें मुख्य सचिव, विकास आयुक्त भी हैं। मुख्यमंत्री रांची में मेट्रो रेल परियोजना को स्वीकृति देने तथा रांची, जमशेदपुर, बोकारो-चास, देवघर, गिरिडीह, दुमका और पलामू को नमामि गंगे योजना में शामिल करने का आग्रह भी कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य में राष्ट्रीय स्तर के वेटनरी कॉलेज, हॉर्टिकल्चर पार्क तथा सहकारी संस्थान की स्थापना के लिए केंद्र से सहयोग मांगने की बात होनी है। कोयला क्षेत्रों में खनन के बाद खाली पड़े भूमि को रैयतों को वापस करने की मांग भी रखेंगे। बताया गया कि नीति आयोग की बैठक में राज्य की शासन प्रणाली में एआइ और डेटा गवर्नेंस के मुद्दे पर भी बात होगी। वहीं सीएम 50 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय के लिए केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध संबंध के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** परसुडीह थाना इलाके के करनडीह लाइन टोला में मंगलवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब अवैध संबंध के शक में एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 35 साल के मोहन हांसदा के तौर पर हुई है जो मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। वहीं मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना मिलने पर परसुडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गैंगरेप और हत्या मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के सपही नदी में बालू के नीचे दबा मिला युवती का शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज कुमार, पवन महतो, राहुल भुइयां और रोहित कुमार महतो (19) शामिल हैं। टंडवा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार के अनुसार 6 जून को सपही नदी में एक युवती का शव बालू में दबा मिला था।

### वाहन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले 14 वर्षीय छात्र पीयूष कुमार सिंह की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यह घटना कठवारा के पास मुख्य सड़क पर हुई। मृतक की पहचान कठवारा निवासी लखराज सिंह के पुत्र पीयूष कुमार सिंह के रूप में हुई है। पीयूष मॉडल स्कूल पीरटांड़ में पढ़ता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने और मामले की जांच में जुट गई है।

### अपहृत तीन वर्षीय बच्ची 14 दिनों बाद बरामद

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** साकची बाजार से 26 मई को लापता हुई तीन वर्षीय बच्ची आफरीन को पुलिस ने 14 दिनों बाद सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कपाली निवासी अब्दुल जसीम उर्फ लखन और उसकी पत्नी अफसाना बेगम को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दंपति ने बताया कि संतान न होने के कारण उन्होंने बच्ची का अपहरण किया था। सिटी एसपी ललित मीणा ने बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बच्ची के लापता होने के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की थी। जांच के दौरान 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।

## बारातियों से भरी बस ढलान पर पलटी, दो की मौत

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सिंगारसी-अमड़ापाड़ा मुख्य सड़क स्थित मलीपाड़ा ढलान के पास बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान 64 वर्षीय आलेन मुर्मू और 16 वर्षीय राजेश टुडू के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया तथा सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस सुंदरपहाड़ी क्षेत्र से बारात लेकर लौट रही थी। इसी दौरान मलीपाड़ा गांव के समीप ढलान पर बस चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस सड़क पर पलट गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अमड़ापाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रशासन ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

## धनबाद के 19 अपराधियों पर लगेगा सीसीए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** जिले के कतरास थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई गोलीबारी और मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। कतरास के आकाशकिनारी कैलूडीह में हुई हिंसक वारदात के मामले में 19 अपराधियों के खिलाफ सीसीए (क्राइम कंट्रोल एक्ट) लगाने की अनुशंसा धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) की ओर से की गई है। इस कार्रवाई की खबर सामने आने के बाद अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है। कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिन अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने की अनुशंसा की गई है, वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस की नजर इन सभी पर बनी हुई है। सीसीए के तहत कार्रवाई होने के बाद अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि 28 मई की देर रात आकाशकिनारी कैलूडीह इलाके में अवैध खनन के वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच जमकर हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी और बमबाजी की गई थी जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। इस घटना में दो लोग घायल हो गए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस जांच के दौरान इस मामले में कई आरोपियों की पहचान की गई थी। इनमें से कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि कई आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस फरार अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि सीसीए के तहत कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर दबाव बढ़ेगा और आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। अवैध खनन और उससे जुड़े वर्चस्व की लड़ाई कई बार कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाती है और पुलिस की फाइलें फिर उन नामों से भरने लगती हैं जो कानून से ज्यादा बंदूक की भाषा पर भरोसा करते हैं।

## मवेशी चराने गए बुजुर्ग की हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के नादगाद गांव में एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई है। बुजुर्ग का शव सोनरे नदी के किनारे से मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक बुजुर्ग के गला, सिर और शरीर के अन्य हिस्से में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने मृत बुजुर्ग की पहचान धनराज भुइयां के रूप में की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार की सुबह धनराज अपने मवेशियों को लेकर चराने गया था और वापस नहीं लौटा था। बुधवार को कुछ ग्रामीण सोनरे नदी के इलाके में गए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति का शव नदी के किनारे पड़ा पाया। लोग शव को देखकर शोर मचाने लगे जिसके बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त की। शव मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पांकी थाना की पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने मृत बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में पांकी के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग की हत्या हुई है। परिजनों की तरफ से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मतदान केंद्र से गायब मिलीं दो बीएलओ, मानदेय पर रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशों का पालन नहीं करने और निर्धारित समय पर मतदान केंद्र में उपस्थित नहीं रहने के मामले में दो बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से स्पष्टीकरण मांगा गया है। निर्वाचन कार्य के तहत सभी बीएलओ को हर दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संबंधित मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सुविधा एवं मैपिंग कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद झरिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-199 की बीएलओ (आंगनबाड़ी सेविका) खुशबू कुमारी तथा बूथ संख्या-200 की बीएलओ (सहिया) भारती देवी निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर अनुपस्थित पाई गईं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि हेल्प डेस्क मैनेजर, धनबाद द्वारा फोन पर संपर्क किए जाने पर दोनों बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मौजूद नहीं थीं। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य के दौरान इस प्रकार की अनुपस्थिति, लापरवाही, उदासीनता और प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि 2 जून 2026 को जारी निर्देश के अनुसार सभी बीएलओ को प्रतिदिन निर्धारित समय में मतदान केंद्र पर रहकर मैपिंग कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था लेकिन संबंधित बीएलओ द्वारा इसका पालन नहीं किया गया। दोनों बीएलओ को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें मूल दायित्वों से कार्यमुक्त क्यों नहीं किया जाए। इसके अतिरिक्त उनकी इस लापरवाही को देखते हुए उनका मासिक मानदेय अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

## रिश्वत लेते मनरेगा जेइ रंगे हाथ गिरफ्तार

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी दुमका की टीम ने बुधवार को करौं प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित मनरेगा जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जेइ ने एक लाभुक से योजना का बिल (विपत्र) पास करने के एवज में इस राशि की मांग की थी। एसीबी की टीम गिरफ्तार करने के बाद आरोपी इंजीनियर को अपने साथ दुमका ले गई है। जानकारी के अनुसार करौं प्रखंड के डिंडाकोली पंचायत अंतर्गत लकरछरा गांव में एक लाभुक भीम राणा की टीसीबी योजना स्वीकृत हुई थी। इस कार्य का सरकारी बिल बनाने के लिए जेई संतोष कुमार लाभुक से लगातार सात रुपये मांग रहा था। लाभुक ने बताया कि उसने दो हजार रुपये पहले ही जेई को दे दिए थे लेकिन बाकी के पांच रुपये जुगाड़ न होने के कारण वह बेहद परेशान था। परेशान होकर लाभुक भीम राणा ने करीब दो सप्ताह पहले इसकी लिखित शिकायत दुमका एसीबी कार्यालय में की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने अपने स्तर से मामले की गुप्त छानबीन की और मामला सही पाया। इसके बाद एसीबी की 20 सदस्यीय टीम सादे लिबास में करौं प्रखंड पहुंची। जैसे ही लाभुक ने जेइ को पैसे दिए, घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया।

## परिमल नाथवानी को चुनाव आयोग की हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव की दो सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी को मंजूरी मिल गई है। उनके नामांकन पत्र में कथित तौर पर तीन बिंदुओं पर आपत्तियां दर्ज की गई थीं जिसके कारण विधानसभा प्रभारी सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर रंजीत कुमार ने उनके नामांकन को फिलहाल होल्ड पर रखा था। बाद में परिमल नाथवानी से संबंधित बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया। नाथवानी द्वारा दिए गए जवाबों से रिटर्निंग ऑफिसर संतुष्ट हुए जिसके बाद उनके नामांकन पत्र को वैध घोषित कर दिया गया। साथ ही कांग्रेस की ओर से उठाई गई आपत्तियों को भी खारिज कर दिया गया। अब चुनावी मैदान में तीन उम्मीदवार रह गए हैं। इनमें झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम, कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा और भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी शामिल हैं। राजनीतिक समीकरणों पर नजर डालें तो विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 56 विधायक हैं जिसके आधार पर गठबंधन दोनों सीटें जीतने की स्थिति में दिखाई देता है। हालांकि नाथवानी के मैदान में उतरने से चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है और क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। एनडीए के पास 24 विधायक हैं। ऐसे में नाथवानी को जीत के लिए अतिरिक्त वोटों की जरूरत होगी।

## बीसीसीएल आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार को लेकर बवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** झरिया के घनुडीह चीनकोठी बस्ती से सटे क्षेत्र में सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बस्ती के समीप ओबी (ओवरबर्डन) डंपिंग का विरोध किया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने हवाई फायरिंग का भी आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा बस्ती के नजदीक ओबी डंप किया जा रहा था जिसका उन्होंने विरोध किया था। आरोप है कि विरोध के दौरान कंपनी समर्थक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इस दौरान दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। सूचना मिलने पर धनबाद मेयर संजीव सिंह और घनुडीह ओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। मौके से एक खोखा भी बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मेयर संजीव सिंह ने आरोप लगाया है कि ग्रामीणों की आपत्ति के बावजूद ओबी डंपिंग का कार्य कराया जा रहा था। उन्होंने कांग्रेस नेता रत्नेश यादव का नाम लेते हुए उन पर पहले से पीडीएस चावल और कोयला चोरी का मामला दर्ज होने का दावा किया। मेयर ने कहा कि विरोध कर रहे ग्रामीणों के साथ मारपीट हुई है और यदि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। मेयर ने बताया कि जब तक इस मुद्दे पर उच्चस्तरीय बैठक नहीं हो जाती तब तक विवादित स्थल पर ओबी डंपिंग या किसी नए कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्रामीण सुनील कुमार मंडल उर्फ छोटू मंडल ने आरोप लगाया कि अवैध तरीके से ओबी डंपिंग का विरोध करने पर करीब 30 लोगों ने उनके साथ मारपीट की है। उनका कहना है कि घटना के दौरान फायरिंग भी हुई थी जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने दावा किया कि मारपीट में उनका हाथ टूट गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार-मनिहारी फोरलेन पर ट्रैक्टर-टेंपो की जोरदार टक्कर, पांच घायल, दोनों वाहन जब्त

**कटिहार ग्रामीण (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार - मनिहारी फोरलेन स्थित नारायणपुर के कुतुबपुर सर्विस रोड के पास बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे ट्रैक्टर और टेंपो के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर



कटिहार की ओर जा रहा था, जबकि टेंपो मनिहारी की ओर से आ रही थी। कुतुबपुर सर्विस रोड के समीप दोनों वाहनों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में टेंपो सवार कई लोग घायल हो गए। घायलों में नाजमीन खातून, शन्नो खातून, सिफा खातून,शब्बी खातून,मो. असलम एवं जहाना खातून शामिल हैं। सभी बौलिया पंचायत के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा,एसआई विकास कुमार, एसआई राम प्रयाग सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे में टेंपो को काफी नुकसान पहुंचा है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर और टेंपो दोनों को जब्त कर थाना ले गई तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायलों के परिजनों ने बेहतर इलाज की मांग को लेकर अपनी चिंता जताई। स्थानीय लोगों ने फोरलेन पर बढ़ती तेज रफ्तार पर रोक लगाने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से डीबीटी लाइव के माध्यम से 2,70,874 पेंशनधारियों को माह मई का पेंशन भुगतान किया : अमरेश

**पूर्णिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बिहार पटना की ओर से डीबीटी लाईव कार्यक्रम के तहत 2,70,874 पेंशनधारियों को माह मई 2026 का पेंशन भुगतान किया गया है। यह कार्यक्रम आनलाईन बेवकास्टिंग के माध्यम से सभी जिलों में आयोजित किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ,सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरेश कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर, पूर्णिया, महिला पर्यवेक्षिका एवं सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारी बैठक में उपस्थित रहे।सामाजिक सुरक्षा



अंतर्गत संचालित कुल 06 योजनाओं के पेंशनधारियों को डीबीटी लाइव कार्यक्रम के माध्यम से पेंशन राशि अंतरण किया गया। सहायक निदेशक अमरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना अंतर्गत कुल-1,33,132 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-15,78,01,500 पंद्रह करोड़ अठत्तर लाख एक हजार पांच सौ) रुपए का भुगतान किया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत कुल-66,736 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल - 7,37,15,900 सात करोड़ सैंतीस लाख पंद्रह हजार नो सौ रुपए का भुगतान किया गया। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल-25,200 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-2,90,60,000 दो करोड़ नब्बे लाख साठ हजार रुपए का भुगतान किया गया।इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना अंतर्गत कुल-19,686 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल - 2,21,03,900 दो करोड़ इक्कीस लाख तीन हजार नो सौ रुपए का भुगतान किया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत कुल-1,119 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-12,30,900 बारह लाख तीस हजार नो सौ रुपए का भुगतान किया गया।बिहार निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत कुल-25,001 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-2,82,87,400 दो करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार चार सौ रुपए का भुगतान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित पेंशनधारियों में से सुकमा देवी, विजय शर्मा, गौरी देवी, मंजू देवी, बानो खातून एवं शशिभूषण प्रसाद ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया एवं पेंशन राशि मिलने पर खुशी जाहीर करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### बड़कागांव थाना प्रभारी ने खोज निकाला बोकारो के युवक का गुम मोबाइल, किया सुपूर्द

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़कागांव पुलिस इन दिनों अपराधिक मामले को उद्भेदन करने में मुस्तैदी के साथ सक्रिय है।थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार दर्ज मामले का उद्भेदन की जा रही है। थाना प्रभारी श्री सिंह द्वारा वर्ष 2025 में बोकारो सेक्टर 4ए निवासी सूरज हरि पिता दुर्गा हरि का गुम



मोबाइल को तकनीकी सहयोग से ढूंढ निकाला गया। सूरज का मोबाइल बड़कागांव क्षेत्र में कहीं गुम हो गया था। मोबाइल खोने के बाद पीड़ित सूरज ने बड़कागांव थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।लिखित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तकनीकी सेल से मोबाइल की खोजबीन शुरू की गई। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद गुम मोबाइल को ट्रैक कर बरामद कर लिया गया। बरामद मोबाइल को बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने पीड़ित सूरज हरि को बोकारो से बड़कागांव थाना बुलाकर सुपुर्द किया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर युवक के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने बड़कागांव थाना प्रभारी एवं पूरी पुलिस टीम को आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी श्री सिंह का यह मोबाइल तकनीकी सेल से बरामद करना दूसरी घटना है इसके पूर्व हरली गांव की अंजली कुमारी का मोबाइल को ढूंढ कर दो दिन पूर्व सुपुर्द किया गया था।बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के द्वारा लगातार मामले की उद्भेदन से कई पुराने भुक्तभोगी आशा भरे विश्वास के साथ थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से गुहार लगाने का काम किया जा रहा है।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में एसआईआर को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष सतीश केडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर चर्चा की गई।बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश केडिया ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केंद्रों पर अभी तक बूथ लेवल एजेंट बीएलए की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां अविलंब बी एल ए चिन्हित कर उनकी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

इसके लिए सभी बीएलए एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरी सजगता और सक्रियता के साथ एसआईआर प्रक्रिया को सफल बनाना होगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का



मानना है कि "एक भी मतदाता छूट गया तो समझो लोकतंत्र का चक्र टूट गया।" जिला अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को अपने अपने प्रभार क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तर के कार्यकताओं एवं एजेंटों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश भी दिया बैठक में जिले की विभिन्न जनसमस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के मंत्रियों से मुलाकात कर आवश्यक कार्रवाई की मांग उठाने का निर्णय लिया गया बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, मोहम्मद अली खान, गौतम सिंह, नकुल सिंह, महासचिव दिलावर अंसारी, परेशनाथ मित्र, चंद्रशेखर सिंह, एहसान अहमद सिद्दीकी, प्रो. मंजूर अंसारी, सुलेमान अख्तर, अनिल चौधरी, निरंजन तिवारी, कपिल देव राय, वरुण कुमार सिंह, अहमद रजा नूरी, प्रेमचंद यादव, जगदीश मंडल, दीपू सिंह, इतवारी वर्मा, मोहम्मद मनीर आलम, शाकिब अहमद, जुनैद आलम, सुदामा राम, मोहम्मद निजामुद्दीन, मोहम्मद अख्तर अंसारी, नेशाब अहमद, सरफराज अंसारी, मेराज अहमद, मोहम्मद सोहेल, शाहनवाज आलम, गणेश प्रसाद सिंह, नवलेश सिंह, सोनू अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश कुमार तुरी भी बैठक में मौजूद रहे।इस अवसर पर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गिरिडीह शहर के उदय सिंह, बेंगाबाद के प्रकाश कोल्ह तथा देवरी प्रखंड के बालेश्वर वर्मा को जिला अध्यक्ष सतीश केडिया ने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया तथा उनका स्वागत किया।

# एसआईआर को लेकर झामुमो कार्यकताओं की बैठक, मतदाताओं की मदद के लिए तैयार रहने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से बुधवार को उत्सव उपवन, गिरिडीह में विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत अनमैप्ड मतदाताओं एवं तार्किक विसंगतियों (एनोमलीज) से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आगामी दो माह तक चलने वाली एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सभी कार्यकर्ता एवं बीएलए-2 पूरी तरह सजग रहें तथा मतदाताओं की सहायता करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को 18 वर्ष की आयु के बाद मतदाता बनने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर विभिन्न प्रकार के खतरे उत्पन्न हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। सुदिव्य कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं वंशावली तैयार कराने में झारखंड सरकार सहयोग करेगी बैठक के दौरान पीरटांड़, गिरिडीह प्रखंड एवं नगर निगम क्षेत्र के अध्यक्षों, सचिवों और कार्यकताओं ने एसआईआर से संबंधित अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और चुनौतियों को रखा। जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्वासन दिया कि पंचायत, प्रखंड, विधानसभा और जिला स्तर पर टीमों का गठन कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा बैठक में महापौर प्रमिला मेहरा, उप महापौर सुमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, नूर अहमद, महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी, जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 2018 के चर्चित हत्या मामले में दो आरोपित बाइज्जत बरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव में वर्ष 2018 में हुए चर्चित हत्या कांड मामले में बुधवार को गिरिडीह सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम. पी. मिश्रा की अदालत ने दोनों आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया। मामले में अभियुक्तों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता परवेज आलम ने पैरवी की। जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में नवडीहा गांव निवासी रोशन कुमार की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस




ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर गांव के ही दो लोगों शहीद उर्फ राजू और सज्जाद अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था मुकदमे की सुनवाई के दौरान कुल सात गवाहों की गवाही दर्ज की गई, जिनमें चिकित्सक एवं अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे। बचाव पक्ष द्वारा सभी गवाहों का प्रतिपरीक्षण किया गया करीब नौ वर्षों तक चले इस बहुचर्चित मामले में अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहियों का परीक्षण करने के बाद पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोनों आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले के साथ लंबे समय से चल रहे इस मुकदमे का पटाक्षेप हो गया।

# न्यायालय व मानवाधिकार मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में सामान्य, विधि, उच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित न्यायालयीन मामलों की विभागवार समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, भू-अर्जन विभाग, कल्याण विभाग सहित विभिन्न प्रखंडों और अंचलों से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए शपथ-पत्र और प्रतिवेदन समय पर दाखिल करना सुनिश्चित करें उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि न्यायालयीन एवं मानवाधिकार से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को लंबित वादों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया बैठक में गंभीर एवं जटिल मामलों की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को न्यायालयीन मामलों के प्रति गंभीरता बरतने और बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों के निपटारे की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया।

# बजरंग चौक पर शीतल पेयजल मशीन का उद्घाटन, राहगीरों को मिलेगा शुद्ध जल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बरनवाल सेवा समिति, गिरिडीह के तत्वावधान में बुधवार को बजरंग चौक में शुद्ध एवं शीतल पेयजल मशीन का उद्घाटन किया गया। समाजसेवी एवं उद्योगपति जयप्रकाश लाल ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।समिति के सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने बताया कि लखन लाल बरनवाल ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में बरनवाल सेवा समिति के माध्यम से इस पेयजल मशीन की स्थापना कराई है।

इससे भीषण गर्मी के साथ-साथ पूरे वर्ष राहगीरों, स्थानीय व्यवसायियों और आम लोगों को शुद्ध एवं शीतल



पेयजल उपलब्ध हो सकेगा उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जयप्रकाश लाल ने कहा कि बजरंग चौक पर शीतल पेयजल की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे लखन लाल बरनवाल ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि चौक पर इस व्यवस्था से स्थानीय दुकानदारों एवं राहगीरों को वर्षभर स्वच्छ पेयजल का लाभ मिलेगा। उन्होंने बरनवाल सेवा समिति के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सुबोध कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष संजय बरनवाल, रितेश बरनवाल, मोहन सागर, प्रवीण कुमार, अजय लाल, सुभाष बरनवाल, बिनोद बरनवाल, राकेश रंजन, विनय कुमार, सरिता बरनवाल, रीता बरनवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में हुआ राशि का भुगतान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय के एनआईसी सभागार में जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों के खाते में माह मई 2026 के लिए भुगतेय राशि का अंतरण किया गया।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किये गये अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभागार में किया गया।जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस लाइव प्रसारण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग यशस्वी, ओएसडी अभिषेक किशोर सहित



विभिन्न पेंशन योजना के लाभुक मौजूद रहे।इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के अलग-अलग 06 पेंशन योजनाओं के कुल 2,51,783 लाभुकों के खाते में 1,100 रुपये मासिक की दर से कुल 29,31,46,100 रुपये की पेंशन राशि का भुगतान किया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न पेंशन योजना के लाभुकों ने मौजूद रहकर लाइव प्रसारण को समझा तथा मुख्यमंत्री के संबोधन को भी सुना। राशि मिलने से लाभुक के चेहरे पर खुशी देखा गया ।

# सरकारी राशि गबन के आरोप में पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** डंडखोरा पुलिस ने थाना कांड संख्या - 105/23 में फरार चल रहे प्राथमिक अभियुक्त पूर्व पैक्स अध्यक्ष महेशपुर पंचायत को घात लगाकर कटिहार से हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष महेशपुर पंचायत कुंदन प्रसाद साह पिता स्व.पृथ्वी चंद साह सा.-टिकैली के विरुद्ध आवेदन देकर सरकारी राशि 1,26,39,204 रुपये 20 पैसे गबन का आरोप लगाया था।विभागीय पत्र के आलोक में थाना में भादवि की धारा- 406, 409, 420 तथा 34 के तहत कांड संख्या 105/23 दिनांक-10.11.23 दर्ज कर



अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही थी।अभियुक्त फरार चल रहा था।उन्होंने बताया कि आसूचना के आधार पर अनुसंधानकर्ता रितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नगर थाना पुलिस के सहयोग से कटिहार स्थित उनके मकान की घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लेकर थाना ले आई। जहाँ आवश्यक कागजी खानापूर्ति के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस की इस कारवाई से सहकारिता विभाग से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है।मौके पर एएसआई सुधीर कुमार,राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# आम्रपाली आम प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन की पहल पर बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम उत्पादकों और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में आम्रपाली आम प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल का शुभारंभ किया गया। स्टॉल का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन के दौरान अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर आम की गुणवत्ता और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित



अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़े किसानों और उत्पादकों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।जिले में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बड़े पैमाने पर फलदार पौधों का रोपण किया गया है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। आम्रपाली आम का उत्पादन करने वाले किसान अपनी उपज सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहे हैं, जिससे उन्हें बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।

स्टॉल के माध्यम से लाभुक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार और विपणन का बेहतर अवसर मिलेगा। वहीं उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण आम उपलब्ध हो सकेंगे जिला प्रशासन ने इसे किसानों, महिला समूहों और ग्रामीण उत्पादकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में मौजूद किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आय बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने वाला प्रयास बताया।

# पीएम मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर चंपाई सोरेन ने मरांग बुरु से की प्रार्थना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रजरप्पा जाहेरगढ़ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर आदिवासी समाज के साथ मरांग बुरु के समक्ष सामूहिक प्रार्थना की।



समारोह में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। चंपाई सोरेन ने समुदाय के साथ मरांग बुरु के चरणों में सिर झुकाया और आदिवासी नायकों व सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

चंपाई सोरेन ने याद दिलाया कि बाबा तिलका मांझी, वीर सिदो-कान्हू, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वीर पोटो हो, वीर टाना भगत, वीर तेलंगा खड़िया समेत अनेक आदिवासी वीरों के नेतृत्व में समाज जल-जंगल-जमीन और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, "हमारी रूढ़िजन्य परंपराओं के संरक्षण हेतु एक सुरक्षा कवच की जरूरत है, जो हमारी भाषा, संस्कृति एवं जीवनशैली की रक्षा कर सके।"

पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासियों को हाशिए पर धकेल दिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं।

चंपाई सोरेन ने मोदी सरकार के प्रधानमंत्री जनमन योजना, पीएम वन धन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का विस्तार जैसे मुख्य योजनाएं जिनका जिक्र किया। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने का स्वागत किया। साथ ही वन अधिकार अधिनियम (FRA) के तहत भूमि पट्टा वितरण और बुनियादी सुविधाओं को बढ़ावा देने की सराहना की।

चंपाई सोरेन ने संथाल समाज की अटूट आस्था के प्रतीक रजरप्पा जाहेरगढ़ में माथा टेकते हुए मरांग बुरु से प्रार्थना की कि विकसित भारत 2047 की मुहिम में आदिवासी समाज की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा, "आदिवासी भारत की सांस्कृतिक विविधता और पर्यावरण संरक्षण की रीढ़ हैं। भविष्य में हमारी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विकास की दिशा तय करना जरूरी है।"

# 250 बेड के नए अस्पताल भवन और 10 मंजिला आवासीय परिसर की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के रामगढ़ दौरे ने जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई उम्मीदें जगा दी हैं। बुधवार को उन्होंने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण करते हुए चिकित्सा सुविधाओं को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता मौजूद थे। दौरे की शुरुआत कांकेबार स्थित ट्रॉमा सेंटर से हुई, जहां अपर मुख्य सचिव ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध संसाधनों और आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। ट्रॉमा सेंटर के मॉड्यूलर सिस्टम को अत्याधुनिक बनाने तथा भवन के प्रथम तल पर विस्तार की संभावनाओं की जांच कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए स्वास्थ्य संस्थानों का विस्तार समय की मांग है। इसके बाद उन्होंने सदर अस्पताल रामगढ़ का निरीक्षण किया। गायनेकोलॉजी, ईएनटी, नेत्र, डेंटल ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, एसएनसीयू और डायलिसिस सेंटर का अवलोकन करते हुए मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, उपचार व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण चर्चा 250 अतिरिक्त बेड क्षमता वाले जी+6 अस्पताल भवन के निर्माण को लेकर हुई।





अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों और अभियंताओं को निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने तथा सभी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यह परियोजना पूरी होने के बाद रामगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक बढ़ोतरी होगी।

इसके साथ ही पुराने डॉक्टर एवं स्टाफ क्वार्टर की जगह आधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 मंजिला आवासीय परिसर बनाने की योजना पर भी मंथन हुआ। इससे चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार होगा।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। रामगढ़ में प्रस्तावित नई परियोजनाएं जिले को स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का काम करेंगी।

# 'योगमय झारखंड 2026' की तैयारी शुरू, 21 जून को खुलेंगे सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड में इस बार व्यापक स्तर पर "योगमय झारखंड 2026" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (JEPC) ने इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी कर दी है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" निर्धारित की गई है।





राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने के लिए राज्यभर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निदेशक ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन के मद्देनजर चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों और नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके तहत 12 जून को जिलास्तरीय, 13 जून को प्रखंडस्तरीय और 15 जून को संकुल स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। राज्य के सभी विद्यालयों से एक-एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक अथवा नोडल शिक्षक इसमें भाग लेंगे और बाद में अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे।

योग दिवस के प्रति जागरुकता बढ़ाने और विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। 12 जून को राष्ट्रीय योग ओलंपियाड के तहत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए कविता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। विभाग द्वारा जारी SOP के अनुसार 16 जून से 20 जून तक लगातार पांच दिनों तक प्रतिदिन सुबह 7:15 बजे से 8:00 बजे तक सामूहिक योग प्रोटोकॉल अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा 17 जून को सभी विद्यालयों में योग क्लबों का पुनर्गठन भी किया जाएगा, ताकि वर्षभर योग गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जा सके।

राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि योगमय झारखंड 2026 केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में स्वास्थ्य चेतना, अनुशासन, शारीरिक सक्रियता और सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने का एक व्यापक अभियान है। विभाग ने सभी जिलों को SOP के अनुरूप कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करने और योग गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ बन सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ पूरे राज्य में योग दिवस को उत्साह और सहभागिता के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन 21 जून 2026 को पूरे राज्य में एक साथ किया जाएगा। इस दिन रविवार होने के बावजूद राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास, योग आधारित गतिविधियां और स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने का निर्देश, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि कार्यालय में बुधवार को उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड कृषि पदाधिकारी रागिनी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम, निगरानी समिति के सदस्य, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। बैठक में उर्वरक विक्रेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक बेचने में पर्याप्त लाभ नहीं होने से वितरण में कठिनाई हो रही है। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम, विशुन्त्री अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार तथा लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान ने कहा कि किसानों को हर हाल में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मोहम्मद यूनुस सलीम ने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिक कीमत वसूलने या अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। रागिनी कुमारी ने भी स्पष्ट किया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही उर्वरक वितरण होगा तथा शिकायत मिलने पर थोक और खुदरा विक्रेताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। बैठक में कांग्रेस नेता इरफानुल्लाह अंसारी और भाकपा-माले के जिला सचिव मुनारीक राम ने आरोप लगाया कि उर्वरक निगरानी समिति के सभी सदस्यों को बैठक की सूचना नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत वरीय अधिकारियों से की जाएगी। बैठक में अमित कुमार, अमरेश कुमार, फूलन मिश्रा, रविंद्र कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार, किसान सलाहकार दिनेश कुमार, संतोष कुमार, विजय कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, पप्पू कुमार सिंह, बलराम सिंह यादव, चितरंजन शर्मा और प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर के एक निजी होटल में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप वेकेशन का समापन समारोह उत्साह, उमंग और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह का उद्घाटन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज, समाजसेवी एवं कलाकार धीरज अजनबी, पतंजलि दक्षिण बिहार महिला प्रमुख ममता गुप्ता तथा प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर समर कैंप के दौरान आयोजित नृत्य, गायन एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज ने बच्चों के व्यक्तित्व विकास में कला एवं संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कलाकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया जा रहा है। वहीं, समाजसेवी एवं कलाकार धीरज अजनबी ने फाउंडेशन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सृजनात्मक क्षमता को भी विकसित करते हैं। समर कैंप के दौरान बच्चों को नृत्य, संगीत, मेहंदी कला सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कोऑर्डिनेटर प्रकाश चौहान ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं कलाकारों को फाउंडेशन की ओर से मोमेंटो एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक मोनू कुमार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हर्षित मिश्रा, गौरव राज, किंजल प्रिया, विद्या कुमारी, दीपशिखा कुमारी, आकाश गुप्ता, वृषभ गिरी, प्रिंस बन्नी, गुलशनोबरम चांदनी, खुशी सिंह, सचिन सिन्हा, विश्वनाथ कश्यप सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं प्रसाद वितरण





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के महादेव घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, हवन तथा प्रसाद वितरण कर देश की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू एवं संचालन भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने किया। अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, ग्रामीण बब्लू सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। हवन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं कीं। यह आयोजन धार्मिक आस्था और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का सुंदर संगम बनकर लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। इस मौके पर बालगोविंद साहू,आशुतोष मिश्रा, मनोज सिंह, चंदेश्वर पाल, उपेंद्र साव,अशोक प्रसाद के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नमो के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के कोईलवां स्थित पुरानी ठाकुर बाड़ी में बुधवार को प्रधान मंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के बारह वर्ष होने पर हसपुरा मण्डल दक्षिणी द्वारा भगवान श्री राम, कृष्ण, शिव एवं हनुमान् जी की पूजा अर्चना की गई। यह ठाकुरबाड़ी हसपुरा प्रखण्ड का एक मात्र ऐतिहासिक अध्यात्मिक केन्द्र है। इसकी स्थापना 1932 में सकल कुंवर द्वारा की गई थी। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने कविता वाचन किया। मन्त्र द्वारा भगवान् की पूजा कराई। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना हेतु पूजा अर्चना की गई। मंगल आरती की गई। इसमें मंडल अध्यक्ष बिनोद शर्मा, जिला महामंत्री, अमन कुशवाहा, चितरंजन सिंह, संतोष शर्मा, विमलेश सिंह, सुनील सिंह, मुकेश शर्मा, वीरेन्द्र विश्वकर्मा लवकुमार सिंह, अभय शर्मा, विनय दुबे, बुआलाल जी और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव में भारत-नेपाल के 13 शतक व दोहरा शतक रक्तदाता होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार (रोहतास) के सहयोग से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा आगामी 04 एवं 05 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव सह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय महोत्सव में भारत और नेपाल के 13 ऐसे रक्तदाता भाग लेंगे, जिन्होंने सौ से अधिक बार रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल कायम की है।

दो सौ से अधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तवीरों में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के प्रदीप इसरानी, करनाल (हरियाणा) के दिनेश बख्शी तथा गुजरात के भूपेन्द्र दवे शामिल होंगे। वहीं, सौ से अधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में लुधियाना (पंजाब) के एडवोकेट गोपाल सिंह पुर्वा, अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल) के रंजीत मिश्रा, यमुनानगर (हरियाणा) के संजीव मेहता छिब्बर, दिल्ली के अमित राठौर, कोटा (राजस्थान) के मनोज चंचलानी, शिमला (हिमाचल प्रदेश) के नरेश शर्मा, ओडिशा के डॉ. नीरोज कुमार पोथाल, महाराष्ट्र के सुरेश प्रभाकर रेवनकर, गोवा के सुदेश रमाकांत नार्वेकर तथा नेपाल के वीरेन्द्र मन श्रेष्ठा शामिल रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, नेपाल और भूटान के साथ-साथ भारत के बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, नागालैंड, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ और सिक्किम सहित 20 राज्यों से महिला एवं पुरुष रक्तदाता इस महोत्सव में सहभागिता करेंगे।गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविन्द नारायण सिंह के विशेष सहयोग से विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले "रक्तदाता महाकुंभ-2" को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अपने पिता स्वर्गीय इंद्रदेव सिंह की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस अंतरराष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव सह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता था, लेकिन इस बार इसे व्यापक स्वरूप देते हुए महोत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उनका मानना है कि इस आयोजन से समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग इस मानवीय अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

## उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में विक्रेताओं को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। उर्वरक निगरानी समिति की बैठक बहुदेशीय भवन में प्रमुख सोनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों को उर्वरक समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया। वितरण व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। उर्वरक की जमाखोरी, कालाबाजारी और गड़बड़ी होने पर कार्रवाई जाएंगी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा का निरस्तीकरण**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा सीनि डीईएन/सी/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए पूर्व प्रकाशित ऑनलाइन **ई-निविदा सं.: 103_2026-27 एवं 104_2026-27** को एतद्द्वारा **निरस्त** कर दी गई है।

(HWH-142/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 120_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** (i) बेगमपुर-बेगमपुर स्टेशन में एफओबी सीढ़ियों का प्रावधान। (ii) एईएन/एलएलएच के अधीन हिंद मोटर स्टेशन में सभी प्लेटफॉर्मों पर लिफ्टों के साथ 6 मी चौड़े एफओबी का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु.6,77,52,624.84; **बयाना राशि:** रु. 13,55,100। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 121_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** (i) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में पीएनई स्टेशन पर एक फूट ओवर ब्रिज का विस्तार। (ii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में केपीएलई स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में एमएलवी स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iv) नलहाटी-सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन नलहाटी स्टेशन में वर्तमान एफओबी का पश्चिम की ओर विस्तार के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित लागत:** रु.8,32,92,068.67; **बयाना राशि:** रु. 16,65,900। **निविदा प्रपत्र की लागत:** प्रत्येक लिए शून्य। **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 01.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-141/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रिश्वत लेते चौकीदार धराया

## केस से नाम हटाने के खेल में आईओ भी रडार पर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बेलागंज थाने के चौकीदार मनीष कुमार को 9,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। यह पूरी कार्रवाई बेलागंज थाना के समीप स्थित अस्पताल परिसर में की गई। इस घूसकांड में अब तक का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब इस सिंडिकेट में केस के अनुसंधानकर्ता अशोक कुमार की भी सीधी संलिप्तता सामने आई।

सूत्रों के अनुसार, एक दर्ज मामले से नाम हटाने और केस में राहत देने के एवज में पीड़ित से मोटी रकम की मांग की जा रही थी। परेशान पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पटना स्थित निगरानी विभाग से की। निगरानी की टीम ने मामले का सत्यापन कराया और आरोप सही पाए जाने पर जाल बिछाया। जैसे ही पीड़ित ने तय रकम 9,000 चौकीदार मनीष कुमार को सौंपी, सादे लिबास में मुस्तैद निगरानी के जवानों ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

चौकीदार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। स्थानीय इनपुट्स और सूत्रों के मुताबिक, चौकीदार मनीष कुमार तो सिर्फ एक मोहरा था जो पैसे वसूलने का काम कर रहा था। इस पूरे खेल की स्क्रिप्ट केस के आईओ अशोक कुमार के इशारे पर लिखी गई थी। चूंकि किसी भी केस से नाम हटाने या जोड़ने का विधिक अधिकार केवल अनुसंधानकर्ता के पास होता है, इसलिए आईओ अशोक कुमार की संलिप्तता ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीम आरोपी चौकीदार को अपने साथ पटना ले गई है, जहाँ पूछताछ के बाद उसे निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, निगरानी विभाग की टीम अब आईओ अशोक कुमार की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रही है और उनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे हैं।

## 'विशेष लोक अदालत समाधान समारोह' 21 अगस्त से

**बिहारशरीफ।** 'पैन इंडिया' के तहत जिले में सुप्रीम कोर्ट में लंबित सुलहनीय मामलों के निपटारे के लिए 'विशेष लोक अदालत समाधान समारोह' का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट के तत्वावधान में 21, 22 और 23 अगस्त को इसका आयोजन होगा। विभिन्न राज्यों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के पक्षकारों के लिए आपसी सुलह के आधार पर अपना विवाद खत्म करने का यह एक सुनहरा अवसर है।ऐसे पक्षकार अपने मुकदमों के निपटारे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से गूगल फॉर्म भरकर आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 जुलाई कर दी गई है। डीएलएसए के सचिव सह सब-जज राजेश कुमार गौरव ने बताया कि नालंदा जिले के अंतर्गत ऐसे कुल 23 वादों की सूची भेजी गई है, जिसमें पक्षकार अन्य जिलों से भी संबंधित हैं। सभी पक्षकारों को जिला प्राधिकार द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचना भेज दी गई है, ताकि वे उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें।

## झारखण्ड हाईकोर्ट का संवेदनशील फैसला

# दुष्कर्म से जन्मे बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िताओं और उनके बच्चों के पुनर्वास को लेकर एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला सुनाया है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि दुष्कर्म की घटनाओं से जन्मे बच्चों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। इतना ही नहीं, यदि ये बच्चे भविष्य में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी, एम्स या आईआईएम में प्रवेश पाने में सफल होते हैं तो उन्हें विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाए। कोर्ट ने इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने का भी निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने दुष्कर्म पीड़िताओं की सुरक्षा, सम्मान और पुनर्वास से जुड़ी एक स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश दिया। अदालत ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िताओं और उनके बच्चों को केवल कानूनी सहायता ही नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक सुरक्षा भी मिलनी चाहिए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने समाज के रवैये पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। पीठ ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि कई मामलों में दुष्कर्म पीड़िताओं के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, मानो वे खुद आरोपी हों। अदालत ने कहा, ₹हमें यह देखकर गहरा दुख होता है कि कुछ परिस्थितियों में दुष्कर्म पीड़िताओं का उपहास किया जाता है और उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। कई बार पीड़िताओं और उनके परिवारों का सामाजिक बहिष्कार तक कर दिया जाता है, जिससे उन्हें भारी मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है।₹ कोर्ट ने यह भी कहा कि कई मामलों में पीड़िताओं को सामाजिक दबाव के कारण अपना घर तक छोड़ना पड़ता है। हालांकि अदालत ने उम्मीद जताई कि समय के साथ समाज का यह रवैया बदलेगा और पीड़िताओं को सम्मान मिलेगा।

हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामलों की जांच और पीड़िताओं से व्यवहार को लेकर पुलिस प्रशासन के लिए भी विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। अदालत ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िताओं के साथ पूरी संवेदनशीलता और सम्मान के साथ पेश आना पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# दौड़ में तीन जवान गिरे, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के डेहरी स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस परिसर में मंगलवार को भीषण गर्मी और लू के बीच चल रहे प्रशिक्षण के दौरान तीन प्रशिक्षु जवानों की अचानक तबीयत खराब हो गई। जानकारी के अनुसार, तीन जवानों को हीट स्ट्रोक की शिकायत के बाद सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन बुधवार को उक्त जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत जवान श्रीराम कुमार समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर गांव के निवासी थे।

बताया जाता है कि बीते मंगलवार को डेहरी स्थित बीसैप-2 में प्रशिक्षु जवानों का शारीरिक प्रशिक्षण चल रहा था। इसी दौरान करीब 16 किलोमीटर लंबी दौड़ में शामिल तीन प्रशिक्षु जवान तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारियों द्वारा तीनों जवानों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।

### गर्मी का सितम जारी

मामले में सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रिय रंजन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों को हीट स्ट्रोक की शिकायत हुई थी। तीन जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो का इलाज जारी है, जबकि एक जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी, शरीर में पानी की कमी और लगातार शारीरिक परिश्रम के कारण जवानों की तबीयत बिगड़ी है।

## नाट्य महोत्सव में निर्गुण गायन की प्रस्तुति

**रसूलपुर।** छपरा भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में आयोजित नाट्य महोत्सव में लोक गायक शिक्षक रामेश्वर गोप के निर्गुण गायन की प्रस्तुति हुई। मंगलवार की शाम एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, शिक्षाविद लाल बाबू यादव आदि की उपस्थिति में हुई गायक गोप के गायन की सराहना की गई। संगीत शिक्षिका कंचन बाला व नाट्यकार डा अमित श्रीवास्तव के संचालन में गायक गोप ने कबीर सहित कई पारम्परिक निर्गुण गीतों की प्रस्तुति की।गायन की शुरूआत कबीर रचित दोहे विनय करूं कर जोर के सुनूं गुरू कृपा निधान,संतन को सुख दीजिए दया गरीबी दान मंगलाचरण से हुई।इप्टा के महान कलाकार नाट्यकर्मी बिपीन बिहारी श्रीवास्तव और एकमा इप्टा के अध्यक्ष रहे पत्रकार स्व वीरेंद्र यादव को समर्पित, रहना नहीं देश विराना है साधो रहना नहीं देश विराना है निर्गुण गीत गायन से गायक गोप ने श्रद्धांजलि दी।एकतारा वादन के साथ निर्गुण गायन की समाप्ति भोजपुरी लोक भजन, नैहर में बाडू कहियो ससुरा में जइबू पिया जब गोलियां ले आई ए राम सखियां सहेलियां के टोली छूटी जइहें,डोलिया ना केहु बिलमाई ए राम गीत से गायक गोप ने की।

# बथान में खेलते लापता हुआ मासूम

## मां पर ही अपहरण का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां अपने बथान में खेल रहा एक 10 वर्षीय बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए उसके नाना-नानी और मां पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पिता का दावा है कि उसकी पत्नी इससे पहले अपने मायके वालों के साथ मिलकर उनके एक दुधमुंहे बच्चे का सौदा भी कर चुकी है।

लापता बच्चे की पहचान जाढ़ुआ बरई टोला निवासी संजीत पासवान के 10 वर्षीय पुत्र बादल कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित पिता संजीत पासवान ने बताया कि मंगलवार को उनका बड़ा बेटा बादल घर के पास बथान में खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी हर जगह तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

संजीत पासवान ने अपने ससुराल वालों पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए अतीत की एक खौफनाक दास्तान बयां की है। उन्होंने कहा कि उनके पहले से दो बेटे थे। इसके बाद एक और बेटे का जन्म हुआ। जन्म के महज छह महीने बाद उनकी पत्नी सुमन कुमारी और ससुराल वालों ने मिलकर उस छोटे बच्चे को अपनी बड़ी बहन के हाथों बेच दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया और पत्नी को घर लौटने के लिए कहा, तो उसने इनकार कर दिया। संजीत के मुताबिक, जब वह अपने बच्चे को ढूंढ़ते हुए ससुराल पहुंचे, तो वहां उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। उनका दावा है कि ग्रामीणों से भी उन्हें बच्चे को बेचे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद जब उन्होंने अपने साढ़ू से बात की, तो उसने उन्हें पहचानने तक से इनकार कर दिया।

## सेतु चालू होने से लोगों ने ली राहत की सांस

**मुंगेर।** लगभग पांच सप्ताह से जाम की मार झेल रहे लोगों को आखिरकार राहत मिलनी शुरू हो गई है। विक्रमशिला सेतु पर छोटे वाहनों का परिचालन बहाल होने के बाद मुंगेर के श्रीकृष्ण सेतु पर वाहनों का दबाव काफी कम हो गया है। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक घंटों लंबा जाम आम बात थी, वहीं अब वाहन अपेक्षाकृत सुगमता से गुजर रहे हैं। विक्रमशिला सेतु पर मरम्मत कार्य के कारण छोटे वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद उत्तर बिहार, कोसी और सीमांचल के जिलों की ओर जाने वाले अधिकांश वाहन श्रीकृष्ण सेतु का सहारा लेने लगे थे। भागलपुर, बांका और झारखंड की दिशा से आने-जाने वाली हजारों छोटी गाड़ियां भी इसी रास्ते से गुजर रही थीं।

# एक ही बारिश में धंसी करोड़ों की सड़क



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** किशनगंज जिले के बहादुरगंज-ठाकुरगंज मुख्य मार्ग एनएच 327ए पर बुधवार को भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया। जीरनगाछ टोल प्लाजा से पहले मंगली चौक के समीप हाईवे का सर्विस रोड एक रात की बारिश के बाद धंस गया। सड़क पर गहरी दरारें और बड़ा गड्ढा बन गया, जिससे वाहन चालकों में चिंता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क धंसने के घंटों बाद तक सुरक्षा चिन्ह या बैरिकेडिंग नहीं लगाई गई थी। रात के अंधेरे में यह स्थिति खतरनाक हो सकती है, जिससे दोपहिया और छोटे वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। लोगों ने एनएचएआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से बना यह हाईवे निर्माण के महज 2-3 साल में ही धंस गया, जो घटिया निर्माण सामग्री और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। एक रात की बारिश के बाद सर्विस रोड का इस तरह धंसना निर्माण में भारी लापरवाही दर्शाता है।

यह मार्ग ठाकुरगंज, पौआखाली और बहादुरगंज जाने वाले सैकड़ों वाहनों के लिए मुख्य मार्ग है। सर्विस रोड धंसने से मुख्य हाईवे पर भी यातायात का दबाव बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और से तत्काल मौके पर सुरक्षा घेरा लगाने और सड़क की मरम्मत शुरू करने की मांग की है। उन्होंने निर्माण कार्य में शामिल ठेकेदारों और इंजीनियरों की जांच कर कार्रवाई करने की भी मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# आरक्षण रोस्टर का प्रकाशन 15 को

## वर्ष 2011 की जनगणना को माना गया है आधार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के आरक्षण निर्धारण के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार जनसंख्या सूची का अंतिम प्रकाशन अब 15 जून को किया जाएगा। पहले यह प्रकाशन पांच जून को प्रस्तावित था, लेकिन प्रक्रिया में विलंब के कारण तिथि बढ़ा दी गई। जिला पंचायती राज कार्यालय के अनुसार जनसंख्या सूची पर प्राप्त 24 दावा-आपत्तियों में से केवल आठ को ही सुनवाई योग्य मानते हुए स्वीकार किया गया है। पंचायत चुनाव में वार्ड सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य समेत सभी पदों का आरक्षण संबंधित पंचायतों की जनसंख्या संरचना के आधार पर तय किया जाएगा। पंचायत में जिस वर्ग की आबादी अधिक होगी, वहां उसी वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। हालांकि जिन पंचायतों में पिछले दो चुनावों से लगातार आरक्षण लागू है, वहां अंतिम निर्णय राज्य निर्वाचन आयोग करेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिला स्तर पर केवल आबादी संबंधी आंकड़े संकलित कर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजे जा रहे हैं। आयोग ही अंतिम आरक्षण रोस्टर जारी करेगा। इस बीच नई जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के कारण कई लोगों ने 2011 के जनगणना को आधार बनाए जाने पर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि पिछले 15 वर्षों में कई पंचायतों की सामाजिक संरचना में बदलाव आया है, जिससे कुछ वर्गों की आबादी बढ़ी है। इसके बावजूद नई जनसंख्या का लाभ आरक्षण निर्धारण में नहीं मिल पाएगा।

## कांग्रेस ने की हड़ताल समाप्त कराने की मांग

**गयाजी।** मगध क्षेत्र के गयाजी, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, नवादा सहित झारखंड के चतरा जिला के आमजनों को सरकार सुविधा प्रदान करने वाला एक मात्र अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में जारी छात्रों के हड़ताल के कारण ओपीडी सहित कई सेवाओं के ठप रहने से यहां इलाज कराने आने वाले लोगों को भयानक कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, टिंकू गिरी, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि छात्र विगत कई दिनों से यहां के जर्जर छात्रावासों, सड़क सहित कई आवश्यक सुविधाएं को ठीक कराने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं, जिससे यहां इलाज कराने आने वाले लोगों को भारी कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने कहा कि मेडिकल के छात्र अस्पताल में आने वाले मरीजों को तुरन्त इलाज करते हैं, वो स्थानीय प्रशासन यानी जिलाधिकारी तथा राज्य सरकार से अपनी मांगों का स्थाई समाधान की गारंटी चाहते हैं।

# ट्रक से करोड़ों रुपये के मोबाइल गायब

## नोएडा से गुवाहाटी जा रहा था माल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया में करोड़ों रुपये मूल्य के मोबाइल हैंडसेट और एक्सेसरीज से जुड़े एक बड़े माल गायब होने का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा से गुवाहाटी (कामाख्या) के लिए रवाना हुआ एक कंटेनर ट्रक अररिया के जीरो माइल स्थित एक पेट्रोल पंप के पास लावारिस अवस्था में बरामद किया गया। जांच में ट्रक से सैकड़ों मोबाइल हैंडसेट गायब पाए गए, जबकि चालक और खलासी फरार हैं। मामले में उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के बेगीकोल निवासी राणा रामंजय सिंह के आवेदन पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया है।

आवेदन के अनुसार कंटेनर में रियलमी, ओप्पो और वनप्लस कंपनी के मोबाइल फोन लोड थे। 6 जून को यह वाहन ग्रेटर नोएडा के वेयरहाउस से गुवाहाटी के लिए रवाना हुआ था।

कंपनी लगातार चालक के संपर्क में थी, लेकिन 7 जून से चालक ने फोन उठाना बंद कर दिया। फास्टैग की जांच में पता चला कि 7 जून की शाम करीब 7 बजे वाहन की अंतिम टोल कटौती अररिया के हरियाबाड़ा टोल प्लाजा पर हुई थी।

### चालक-खलासी लापता

इसके बाद 8 जून को कंटेनर अररिया जीरो माइल के पास बरामद किया गया। जांच में पाया गया कि 1143 बॉक्स में रखे मोबाइल हैंडसेट में से 612 बॉक्स गायब हैं। वहीं चालक और खलासी का भी कोई पता नहीं चल सका है।

# घोटाले के आरोप में पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले के डंडखोरा प्रखंड अंतर्गत महेशपुर पैक्स में वर्ष 2022-23 के दौरान हुए एक करोड़ 26 लाख 39 हजार 204 रुपये 20 पैसे के धान गबन एवं वित्तीय अनियमितता मामले में तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष कुंदन प्रसाद साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्रेसवार्ता करते हुए सदर एसडीपीओ विशाल आनंद ने बताया कि गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने उन्हें तीनगछिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वह महेशपुर पंचायत के टिकैली गांव के निवासी हैं।



संयुक्त जांच के दौरान पैक्स गोदाम धान का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें अभिलेखों के अनुसार उपलब्ध धान भंडारण में नहीं पाया गया। बताया कि अभिलेखों के अनुसार, वर्ष 2022-23 में कुल 995.900 मैट्रिक टन की खरीद गई थी।इसमें से 383.832 मैट्रिक टन धान मिलर को आपूर्ति की गई, जबकि शेष 612.068 मैट्रिक टन धान का हिसाब नहीं मिला। जांच दल ने उक्त धान को पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक द्वारा गबन किया जाना पाया। बताया जाता है कि पैक्स गोदाम से धान के गबन तथा वित्तीय अनियमितता के आरोप में उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 406, 420 और 34 के तहत नवंबर 2023 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सहकारिता विभाग की जांच, न्यायालय में लंबित प्रक्रिया तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान ही यह वित्तीय अनियमितता हुई थी। इस गिरफ्तारी के बाद भी जिले के 33 अन्य पैक्स अध्यक्ष कार्रवाई और वसूली के दायरे में बने हुए हैं। इन पर कुल 887.98 लाख रुपये की बकाया राशि है।

दरअसल, धान अधिप्राप्ति के बाद कैश-क्रेडिट राशि जमा नहीं करने के आरोप में सहकारिता विभाग ने जिले के 35 पैक्स को डिफॉल्टर घोषित किया था। इसके बाद बारसोई प्रखंड के बलतर पैक्स ने 26 लाख रुपये जमा कर अपना बकाया चुकता कर लिया, जिसके बाद वह डिफॉल्टर सूची से बाहर हो गया।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 तक डिफॉल्टर पैक्सों पर 913.48 लाख रुपये मूलधन और 118.16 लाख रुपये ब्याज सहित कुल 1031.64 लाख रुपये देय थे। इनमें से अब तक 143.66 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है, जबकि 887.98 लाख रुपये अब भी बकाया हैं।

# रंग पुरोधाओं को सामूहिक श्रद्धांजलि के साथ सम्पन्न हुआ "बिपिन बिहारी श्रीवास्तव नाट्योत्सव 2026"

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** वरिष्ठ रंगकर्मी, फिल्मकार एवं अधिवक्ता स्वर्गीय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव के जन्मदिवस के अवसर पर भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में आयोजित ₹बिपिन बिहारी श्रीवास्तव नाट्योत्सव 2026 श्रद्धा, स्मृति और रंग-सृजन का अद्वितीय संगम बन गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बिपिन बिहारी श्रीवास्तव सहित सारण प्रमंडल के 78 दिवंगत रंग पुरोधाओं को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



सभा की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव ने की। मुख्य अतिथियों में एसीजेएम सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) राजीव कुमार, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. लाल बाबू यादव, बिहार इप्टा की ताप्ति वर्मा, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव के रंगकर्म, सांस्कृतिक योगदान और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सारण प्रमंडल के दिवंगत रंगकर्मियों को सामूहिक श्रद्धांजलि देने की नई परंपरा स्थापित करने के लिए आयोजक डॉ. अमित रंजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शकील अनवर ने किया।

द्वितीय सत्र में शाम छह बजे से आयोजित रंग श्रद्धांजलि का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने किया। इस अवसर पर छपरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि रंजन प्रसाद सिंह, लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा, रंगकर्मी पशुपति नाथ अरुण, डॉ. लाल बाबू यादव सहित अनेक साहित्यकार, कलाकार एवं रंगप्रेमी उपस्थित थे।

रंग श्रद्धांजलि की शुरूआत स्वर्गीय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव द्वारा गाए गए गीत पर नन्हीं कलाकार आराध्या अभिनव के भावपूर्ण नृत्य से हुई, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इसके उपरांत युद्ध की विभीषिका के विरुद्ध शांति, अमन और मानवता के संदेश को केंद्र में रखकर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की अमर कृति ₹रश्मिरथी₹ का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया गया। नाट्यांतरण, निर्देशन एवं रंग परिकल्पना डॉ. अमित रंजन की थी, जबकि संगीत संयोजन कंचन बाला एवं टुन्नू तनहा ने किया।

नाटक में कर्ण की भूमिका पत्रकार डॉ. मनोरंजन पाठक, कृष्ण की भूमिका डॉ. अमित रंजन, परशुराम की भूमिका डॉ. प्रशांत चेतन, कुंती की भूमिका कंचन बाला, इन्द्र की भूमिका शैलेन्द्र कुमार शाही, समय की भूमिका डॉ. अभिलाषा मिश्रा, नटी की भूमिका आयुषी परासर, दुर्योधन की भूमिका पंकज कुमार, भीम की भूमिका अमितेश तथा अर्जुन की भूमिका शशांक सौरभ ने निभाई। वहीं कोरस में शालिनी, नंदनी, श्रुति गुप्ता, आशीष कुमार सिंह, युद्ध प्रताप तिवारी, अमित भारद्वाज सहित अन्य कलाकारों ने प्रभावी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अगले चरण में रिया राज द्वारा प्रस्तुत मनभावन नृत्य ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद गोपालगंज की रंगमंचीय टीम ने भीष्म एक योद्धा नाटक का सफल मंचन किया। नाटक के लेखक धनंजय तथा निर्देशक अनिकेत मिश्रा थे। कलाकारों की सशक्त प्रस्तुति और प्रभावी निर्देशन ने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। पूरे आयोजन ने न केवल स्वर्गीय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव को सच्ची रंग-श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि सारण की समृद्ध रंगपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी नई ऊर्जा प्रदान की।

## दो डिब्बे हुए बेपटरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत जमुई रेलवे स्टेशन के यार्ड में बुधवार की अहले सुबह उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब एक मालगाड़ी के दो खाली वैगन अचानक पटरी से उतर गए। घटना के बाद यार्ड परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि वैगन खाली थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के स्थानीय अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम झाझा से राहत ट्रेन के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों की निगरानी में डिरेल हुए वैगनों को दोबारा पटरी पर लाने का कार्य शुरू किया गया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वैगनों के पहियों को सफलतापूर्वक ट्रैक पर चढ़ा दिया गया।

रेलवे कर्मियों ने बताया कि हादसा यार्ड के अंदर हुआ था, इसलिए मुख्य रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हुई और सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय के अनुसार चलती रहीं।

# मुखिया चढ़ा निगरानी के हत्थे

## पुनर्नियोजन के लिए लिए थे 1.25 लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय में शिक्षक के पुनर्नियोजन के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चकबहाउदीन पंचायत के मुखिया सियाराम राय उर्फ बबली राय को 1.25 लाख रुपये लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद पूरे पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया और निगरानी की टीम आरोपी को अपने साथ समस्तीपुर ले गई।

जानकारी के अनुसार, चकबहाउदीन पंचायत के वार्ड संख्या-2 निवासी अब्दुल मन्नान पहले सुजौली स्थित प्राथमिक विद्यालय मोहना वार्ड संख्या-7 में पंचायत शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। कुछ वर्ष पहले एक छेड़खानी मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन बाद में न्यायालय से उन्हें बरी कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने दोबारा शिक्षक पद पर योगदान के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की।

आरोप है कि पुनर्नियोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के एवज में पंचायत के मुखिया ने तीन लाख रुपये और पंचायत सचिव ने दो लाख रुपये की मांग की थी। इस तरह कुल पांच लाख रुपये रिश्वत मांगे जाने से परेशान शिक्षक ने निगरानी विभाग का दरवाजा खटखटाया।

करीब छह महीने पहले दर्ज शिकायत के आधार पर निगरानी विभाग ने मामले की गोपनीय जांच शुरू की। सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर विभाग ने ट्रैप की योजना बनाई और पूरे घटनाक्रम की निगरानी शुरू कर दी।

पूर्व निर्धारित योजना के तहत शिक्षक ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 1 लाख 25 हजार रुपये देने पर सहमति जताई।

गुरुवार को पंचायत के मार्केट कॉम्प्लेक्स में जैसे ही मुखिया ने शिक्षक से राशि ली, पहले से मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

# स्थिर सरकार और सशक्त नेतृत्व से बढ़ी भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा : ऋतुराज सिन्हा

## भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 4,399 दिन पूरे होने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4,399 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने तथा भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, जनसमर्थन और लोकतांत्रिक आस्था का प्रतीक है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को एक स्थिर, निर्णायक और दूरदर्शी सरकार मिली है जिसने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है जिनसे देश की वैश्विक पहचान और प्रभाव दोनों मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 का उन्मूलन, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल अध्यक्षता, डिजिटल इंडिया अभियान और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान क्रांति, वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, चंद्रयान-3 मिशन की सफलता तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण कदमों ने भारत की प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है और सड़कों, रेल मार्गों, हवाई अड्डों तथा अन्य विकास परियोजनाओं के माध्यम से देश की तस्वीर बदली है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सेवाओं और जनहितकारी योजनाओं के जरिए करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध किया है कि स्थिर सरकार, सशक्त नेतृत्व और निरंतर विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। यही कारण है कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश आर्थिक, सामरिक, तकनीकी और कूटनीतिक क्षेत्रों में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है तथा विश्व समुदाय में उसकी भूमिका पहले से अधिक प्रभावशाली हुई है। ऋतुराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारत विकास, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# मां नैना देवी मंदिर में डॉ. प्रेम कुमार ने की पूजा-अर्चना

## बिहार, नरेंद्र मोदी और विकसित भारत के लिए मांगा आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नैनीताल/पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पारिवारिक सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ उत्तराखंड के नैनीताल जिले स्थित प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मां नयना देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां माता सती के नयन गिरे थे जिसके कारण इस स्थान को शक्तिपीठ का दर्जा प्राप्त है। मंदिर में माता की पिंडी स्वरूप में पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की मान्यता है कि मां नयना देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना से नेत्र संबंधी कष्ट दूर होते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने मंदिर परिसर में देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे 12 वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर सेवा करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने मां नयना देवी से बिहार में सुख, शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास की भी प्रार्थना की तथा राज्य की उन्नति एवं जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।

# 46 लाख लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए 11 से 17 जून तक चलेगा विशेष अभियान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के लाखों रैयतों से जुड़े भूमि अभिलेखों के सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा आधारित नाम परिवर्तन के मामलों के तत्काल निष्पादन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए 11 से 17 जून 2026 तक राज्यभर के अंचलों में विशेष अभियान चलाकर निष्पादित किए जाएंगे। पुराना सचिवालय स्थित मुख्य सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष 16 अगस्त 2025 से 20 सितंबर 2025 तक ऐतिहासिक राजस्व महा-अभियान चलाया था। इस दौरान राज्य के सभी हल्कों में शिविर लगाकर आम रैयतों से डिजिटल जमाबंदी में त्रुटि सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार आधारित नामांतरण तथा बंटवारा आधारित नामांतरण से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे। अभियान के दौरान कुल 46 लाख आवेदन प्राप्त हुए जो राज्य में भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के प्रति लोगों के भरोसे को दर्शाता है। राजस्व मंत्री ने कहा कि अभियान के अगले चरण में इन सभी आवेदनों की स्कैनिंग, संबंधित पोर्टलों पर अपलोडिंग के बाद अभियान चलाकर समयबद्ध निष्पादन की कार्रवाई की जानी थी। विभाग द्वारा इसके लिए समय-समय पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे तथा 31 मार्च 2026 तक सभी आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद कई जिलों में कार्य को गति नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि विभाग को प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार महा-अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों में से अब तक 81.91 प्रतिशत आवेदनों की स्कैनिंग की जा सकी है जबकि मात्र 26.43 प्रतिशत आवेदन ही संबंधित पोर्टलों पर अपलोड किए गए हैं। मंत्री ने इस स्थिति को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि लाखों रैयतों के आवेदन लंबित रहना स्वीकार्य नहीं है।

# अमानक बीज बेचने वाली कंपनियों पर हो सख्त कार्रवाई : कृषि मंत्री

## बीज गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, ससमय बीज उपलब्ध नहीं कराए जाने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में बीज विश्लेषण तथा राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए राज्य में संचालित योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को बेहतर गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में बीज विश्लेषण प्रयोगशालाओं की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 31 जिला स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाओं की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा इनके संचालन एवं सुदृढ़ीकरण की योजना प्रक्रियाधीन है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यह भी जानकारी मांगी कि राज्य में बीज विश्लेषण प्रयोगशालाओं की स्थापना किस वित्तीय वर्ष में प्रारंभ की गई तथा इसके विस्तार की वर्तमान स्थिति क्या है। श्री सिन्हा ने पिछले तीन वर्षों के दौरान अमानक पाए गए बीजों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष बाजार में अमानक बीजों की शिकायतें प्राप्त होती है। ऐसे मामलों में संबंधित बीज कंपनियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, इसकी पूरी जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जाए। कृषि मंत्री ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि बाजार में विक्रय किए जा रहे बीजों में अमानकता पाई जाती है तो संबंधित बीज कंपनियों पर नियमानुसार कठोर एवं यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके और उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि मौसम एवं समय के अनुरूप आधार बीज उत्पादन के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। साथ ही आधार बीज से प्रमाणित बीज उत्पादन की श्रृंखला को बिहार राज्य बीज निगम के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ किया जाए जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज कृषि उत्पादन बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और राज्य सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विवि कर्मियों के वेतन और पेंशन का भुगतान जल्द करे सरकार : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के 13 विश्वविद्यालयों के पचास हजार से अधिक शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं लगभग इतने ही पेंशनधारकों का मार्च से बकाया वेतन एवं पेंशन वर्तमान सरकार रोक कर रखी है, उस राशि का अविलंब भुगतान राज्य सरकार करे ताकि उनके जीविकोपार्जन पर संकट ना आएं, ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि इस सरकार की नियत सही नहीं है और इसीलिए जब शिक्षा मंत्री रोज विभाग में सुधार के लिए नए-नए घोषणा और दायित्व शिक्षकों और कर्मियों को सौंपे जा रहे हैं तो उन्हें उनके आजीविका का भी ध्यान रखने की जिम्मेदारी है। सरकार खाली खजाना के साथ लोकलुभावन घोषणाओं से इतर हटकर हर साल होने वाले वेतन पेंशन तंगी के समस्या का निदान उचित नियमावली बनाकर सुधारे। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि अजीब विडम्बना है कि जब से बिहार में नया जनमत आया है तब से एनडीए शासन, मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल बनाने में ही पूरा जोर दे रहा है जबकि शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और रिटायर्ड पेंशनर्स मार्च से लंबित वेतन व पेंशन के कारण अपने बच्चों के स्कूल कॉलेज के फी देने में और शादी विवाह तय तिथि में करने में असमर्थ है। बहुत से कर्मियों को तो गर्मी के छुट्टी में घूमने फिरने का प्लान तक छोड़ना पड़ रहा है क्योंकि एनडीए सरकार अपनी कार्यशैली पिछले 20 वर्षों से सुधार नहीं रही है। सबसे बड़ी विडम्बना तो लोन और पीएफ को लेकर है जिसमें शिक्षकों और कर्मियों का बैंक ईएमआई का ससमय भुगतान नहीं होने पर सिविल तो खराब करेंगे ही साथ उनके रिटायरमेंट के वक्त भी पीएफ एकाउंट में गड़बड़ी होगी। सबसे बुरी स्थिति उन शिक्षकों और कर्मियों को है जो लोन लिए हैं, उनको पेनाल्टी के साथ लोन की अदायगी करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों का हालात नहीं सुधरेगा, तब तक बिहार में शिक्षा की हालत में सुधार नहीं आ सकता। इसलिए एनडीए सरकार के मुखिया सम्राट चौधरी, दोनों शिक्षा मंत्रियों को अविलंब इस ओर कदम बढ़ाना चाहिए कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मियों के साथ पेंशनर्स के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे और अविलंब उनका लंबित वेतन व पेंशन भुगतान सुनिश्चित हो।

# प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर एससी-एसटी मंत्री ने मंदिर में की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 12 वर्ष पूरा होने पर मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। बुधवार की सुबह मंत्री पटना के बेली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। साथ ही प्रधानमंत्री को उनके ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब तक सबसे अधिक समय तक देश की सेवा करने वाले पहले प्रधान सेवक बन गए हैं। मंत्री ने भगवान से प्रधानमंत्री के बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को सरकार की बड़ी सफलता बताया। विकास और सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनता के सहयोग से आगे भी जनहित में कार्य जारी रहेंगे।

# प्रो. शिवनारायण को काशी में 26 को मिलेगा एक लाख रु. का 'राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय सृजन शिखर सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रसिद्ध कवि, आलोचक एवं नई धारा के संपादक प्रो. शिवनारायण नांदी सेवा न्यास, वाराणसी द्वारा वर्ष-2026 का 'राजेन्द्र प्रसाद पांडेय सृजन शिखर सम्मान' से विभूषित किए जाएंगे जिसके तहत उन्हें एक लाख रुपये की मानद राशि सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न, उत्तरीय आदि अर्पित किए जाएंगे। यह सम्मान उन्हें आजीवन हिंदी भाषा एवं साहित्य की सेवा एवं उपलब्धियों के लिए दिया जाएगा। नांदी सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ शशिकला पांडेय ने बताया कि प्रो. शिवनारायण को यह सम्मान आगामी 26 जून को वाराणसी (काशी) में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान किया जाएगा। न्यास बीते कई वर्षों से देश भर के लेखक- साहित्यकारों को इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित कर रहा है। गौरतलब है कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य के प्रोफेसर डॉ शिवनारायण फिलहाल पटना स्थित श्री अरविंद महिला कालेज में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं। वे पूर्व में भारत सरकार के गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार (2012), बिहार सरकार द्वारा नागार्जुन पुरस्कार 2003) एवं बी.पी.मंडल पुरस्कार (2024), मध्यप्रदेश भोपाल का स्पंदन आलोचना शिखर सम्मान (2016) सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। वे बीते 77 वर्षों से अनवरत प्रकाशित होती आ रही चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नयी धारा' का 1990 से ही संपादन कर रहे हैं और उनकी कविता, आलोचना, पत्रकारिता आदि विधाओं में अब तक 58 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# राज्य में नवजीवनम कार्यक्रम की शुरुआत, लेबर रूम की गुणवत्ता में आएगा सुधार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मातृ एवं नवजात देखभाल में लेबर रूम एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील इकाई है। यह वह स्थान है जहां एक नया जीवन दुनिया में आता है और प्रसव के दौरान मां तथा बच्चे की सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा सीधे तौर पर इसी पर निर्भर करती है। लेबर रूम के सुदृढ़ीकरण एवं एनक्वास मानकों के अनुसार उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में पटना के एक निजी होटल में आयोजित लांच कार्यशाला में 'नवजीवनम कार्यक्रम' की बुधवार को औपचारिक शुरुआत की गयी। यह कार्यक्रम राज्य के छः जिलों यथा भोजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बढ़हरा, कैमूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुदरा, जहानाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हुलासगंज, सारण के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गरखा, सिवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंदर और मुजफ्फरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटरा में शुरुआती चरण में क्रियांवित किया जाएगा। कार्यशाला में उक्त जिलों के सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला सलाहकार-गुणवत्ता यकीन और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, हेल्थ सिस्टम सुदृढ़ीकरण और गुणवत्ता यकीन कार्यक्रम सह नोडल सड़क सुरक्षा, डॉ. अभिषेकवा कुमार सिन्हा ने कहा कि कोई भी मां या गर्भवती महिला जब अस्पताल जाए तो उसे अपनी पूरी सुरक्षा और समुचित चिकित्सीय उपचार का भरोसा होना चाहिए। 'नवजीवनम कार्यक्रम' एनक्वास के मानकों को जमीनी स्तर पर लाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने छठ घाट का किया लोकार्पण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत कटिहार प्रखंड के सिरनियां पुरब पंचायत के धरी घाट में 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित छठ घाट का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। पक्का छठ घाट के अभाव में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती थी। पक्का छठ घाट के निर्माण से इस क्षेत्र के ग्रामीणों में विशेष कर महिलाओं में काफी हर्ष है। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मनाथ तिवारी, वीरेंद्र यादव, बब्बन झा, शेखर जयसवाल, राम लखन साह, पप्पू साह, अशोक चौधरी, जितेन्द्र सिंह, रामचंद्र मुर्मू, दिनेश ठाकुर आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के लोग कल्याणकारी योजनाएं आम लोगों तक पहुंचे।

# बीमा आयुक्त ने किया इएसआइसी आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ का निरीक्षण

## चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने और नियोक्ताओं से स्वास्थ्य जांच लाभ लेने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा ने क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार के साथ पटना के फुलवारीशरीफ स्थित ईएसआईसी आदर्श अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने बीमित व्यक्तियों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल के प्रसूति कक्ष एवं सर्जरी विभाग को पूर्ण रूप से चालू करने, सभी आवश्यक जांच सुविधाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के क्रियान्वयन से लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। अतः अस्पताल प्रशासन आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करे।

'व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएं संहिता, 2020' की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत सभी नियोक्ताओं के लिए अपने श्रमिकों की वर्ष में कम से कम एक बार अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराना वैधानिक रूप से आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं से अपील की कि वे इस अनिवार्य प्रावधान के तहत अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से ही कराएं। ऐसा करने से नियोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ नहीं पड़ेगा और श्रमिकों को भी बेहतर चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा ।

# ट्रांसफार्मर बदल कर अविलंब अधिष्ठापित करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार प्रखंड के सिरनियां पुरब पंचायत में नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु एक नया पावर सब स्टेशन की स्थापना के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कटिहार, अंचल पदाधिकारी कटिहार, सहायक अभियंता एवं राजस्व के कर्मियों के साथ प्रस्तावित सरकारी भूखंड का अवलोकन किया। साथ ही मनियां पिपरा में अवस्थित जर्जर 100 केवीए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलकर 200 केवीए ट्रांसफार्मर को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत कार्यपालक अभियंता को सुचारू रूप से इस क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु नया पावर सबस्टेशन की स्थापना होने तक वैकल्पिक व्यवस्था कर इस क्षेत्र में निर्मित विद्युत आपूर्ति करने को कहा।

# राजधानी जलाशय में बनेगा नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर

## टेंडर की प्रक्रिया पूरी, जल्द शुरू होगा काम, आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के मुख्य सचिवालय स्थित राजधानी जलाशय को इको टूरिज्म के तौर पर विकसित किया जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से इसका निर्माण किया जाएगा। इसकी टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है, जल्द ही काम शुरू होने वाला है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होने वाला है और इस वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इस परियोजना के तहत जलाशय के सौंदर्यीकरण, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण-संवेदनशील जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। पटना पार्क प्रमंडल के डीएफओ पीयूष बरनवाल ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य राजधानी जलाशय को जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरणीय शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके तहत जलाशय के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ इसे प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे पक्षियों की संख्या और विविधता में वृद्धि हो सके।

**पक्षियों और प्रकृति की दुनिया से रूबरू होंगे बच्चे**

इंटरप्रिटेशन सेंटर में बच्चों और पर्यटकों को जंगल, आर्द्रभूमि, वन्यजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। यहां आने वाले लोग स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों, उनके आवास और जीवन चक्र को करीब से समझ सकेंगे। राजधानी जलाशय में वर्तमान में लगभग 35 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें लेसर व्हिसलिंग डक, कॉमन मुरहेन, कॉमन कूट, गडवाल और कॉम्ब डक जैसी आकर्षक प्रजातियां प्रमुख हैं।

**होलोग्राफिक बुक से लेकर 7डी अनुभव तक की सुविधा**

यह हाईटेक नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर आधुनिक और इंटरैक्टिव सुविधाओं से लैस होगा। इसमें 5 बड़े सूचना पैनल, राष्ट्रीय एवं राज्य पशु-पक्षी, घड़ियाल, डॉल्फिन और आर्द्रभूमि पर आधारित 4 डायोरामा और भित्ति-चित्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा पक्षियों की आवाज सुनने, लाइट आधारित इंटरैक्शन, होलोग्राफिक बुक जैसी 5 मल्टी-सेंसरी इंटरैक्टिव प्रदर्शनी, 12 सीटों वाला 7डी अनुभव केंद्र, 3 वीआर हेडसेट से युक्त एआर-वीआर सिस्टम, जंगल भ्रमण जैसा एहसास कराने वाला 360 डिग्री रूम एक्सपीरियंस, आउटडोर साइनेज और इंटरैक्टिव कियोस्क भी लगाए जाएंगे।

# महाराजा सुहेलदेव पासी सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भर भारत के प्रेरणास्त्रोत : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वीर योद्धा महाराजा सुहेलदेव पासी जी के 'विजय दिवस' के अवसर पर बुधवार को विद्यापति भवन, पटना में आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव केवल एक वीर शासक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि की रक्षा के अद्वितीय प्रतीक थे। लगभग 900 वर्ष पूर्व महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला करते हुए देश की अस्मिता की रक्षा की और समाज को एकजुट रखने का संदेश दिया। आज उनके विजय दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सामाजिक समरसता, एकता और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। आज भारत आर्थिक, सामरिक और वैश्विक स्तर पर लगातार मजबूत हो रहा है, इसलिए देश को कमजोर करने के विभिन्न प्रयास भी हो रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में महाराजा सुहेलदेव का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग की प्रेरणा देता है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र उसी सामाजिक समरसता की आधुनिक अभिव्यक्ति है जिसकी स्थापना महाराजा सुहेलदेव ने अपने जीवन से की थी। समाज तभी मजबूत होगा जब सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मान मिलेगा।

CMYK

# संपादकीय

## ईरान-अमेरिका-वार्ता के साथ सैन्य दबाव, शांति की राह में सबसे बड़ी बाधा

एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं।ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीद बंधती है और फिर टूट जाती है। यह स्थिति युद्ध शुरू होने के बाद से ही जारी है। पिछले तीन महीने से युद्ध चल रहा है, लेकिन जब शांति वार्ता की बात आती है, तो आमने-सामने और दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रखकर संवाद करने की जरूरत नहीं समझी जाती।अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत किसी सहमति के बिंदु पर नहीं पहुंच रही, तो इसे समझने की जरूरत है। दोनों पक्ष जिस तरह अपनी शर्तों पर अड़े हैं, उससे वैश्विक शांति को तो खतरा है ही, दुनिया भर में ऊर्जा संकट भी गहरा रहा है।गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता स्थगित कर दी है। उसने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर यह कदम उठाया है। यह निराशाजनक ही है कि एक तरफ कूटनीतिक कदम उठाने की बात की जाती है, फिर अचानक हमले की स्थिति पैदा कर दी जाती है। पिछले सप्ताह के आखिर में भी अमेरिका ने ईरान के भीतर कई ठिकानों पर बमबारी की। इसके अलावा, लेबनान पर इजराइल के लगातार हमलों से ईरान नाराज है और वह चाहता है कि ये हमले रोक दिए जाएं।हालांकि यह मुद्दा युद्धविराम की मुख्य शर्तों में शामिल है। मगर सवाल है कि अमेरिका युद्धविराम को ताक पर रखकर खुद को या इजराइल को हमले करने से क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि अगर दोनों पक्ष गंभीरता से कूटनीतिक पहल करते, तो शांति का कोई रास्ता निकल सकता था। मगर जैसे ही बात आगे बढ़ती है, उसमें दबाव बढ़ाने के साथ रणनीतिक शर्तें जोड़ दी जाती हैं। इससे संवाद के पुल गिर जाते हैं।मौजूदा स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर अपना दबदबा बढ़ाने और उसे सख्ती से बंद करने का संकेत दिया है। समझौते की कवायद कई दिनों से चल रही है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा, तो आखिर इसकी क्या वजह है। स्पष्ट है कि एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। बेहतर हो कि अमेरिका और ईरान स्थायी युद्धविराम और शांति की ओर कदम बढ़ाएं। सैन्य टकराव से आखिरकार कोई समस्या हल नहीं होती।

**वर्ष 2017 में लागू जीएसटी को स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े कर सुधारों में माना जाता है। अनेक अप्रत्यक्ष करों को हटाकर एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा को मजबूत किया गया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी, कर आधार विस्तृत हुआ और राजस्व संग्रह अधिक व्यवस्थित बना। દિવ્ય ભાસ્કરस्स के अनुसार भारत का जीडीपी वर्ष 2014 के लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। भारत जापान को पीछे छोड़ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि इकानामी सर्वे 2025-26 ने एफबाय 26 में 7.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। कोविड के बाद आत्मनिर्भर भारत अभियान आर्थिक रणनीति का केंद्र बना।**

# परिवर्तन के 12 वर्ष- विकास, विरासत और वैश्विक नेतृत्व



(डॉ. शिवानी कटारा)

डिजिटल इंडिया अभियान ने पिछले दशक में भारत की आर्थिक और तकनीकी तस्वीर को व्यापक रूप से बदल दिया। भीम ऐप, आधार और यूपीआई जैसी पहलों ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाया, जहाँ आज विश्व के लगभग 49 प्रतिशत रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं।

पिछले 12 वर्षों में भारत ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक परिवर्तनों का एक नया युग देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास ने केवल गति ही नहीं, बल्कि नई दिशा और नई चेतना भी प्राप्त की। आर्थिक सुधारों से लेकर डिजिटल क्रांति, राष्ट्रीय सुरक्षा से सामाजिक समावेशन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण तक भारत ने आत्मनिर्भरता, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा की ओर उल्लेखनीय यात्रा तय की है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत 2047 के व्यापक राष्ट्रीय संकल्प में रूपांतरित होती दिखाई देती है।

**आर्थिक सुधार और वित्तीय समावेशन** – मोदी सरकार की शुरुआती और सबसे महत्वाकांक्षी पहलों में वर्ष 2014 का मेक इन इंडिया अभियान प्रमुख रहा, जिसने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा प्रदान की। घरेलू उत्पादन, विदेशी निवेश और सरल नियमों के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा निर्माण और मोबाइल उत्पादन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इससे रोजगार और औद्योगिक विकास को नई गति मिली।

इसी दौरान अंत्योदय के संकल्प के तहत आर्थिक समावेशन पर विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष 2015 में शुरू हुई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता को नई पहचान दी। 6.3 करोड़ से अधिक एमएसएमई उद्यमों को सहायता मिली। वहीं, जन धन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 30.80 करोड़ खाते महिलाओं के नाम हैं। 36.73 करोड़ ग्रामीण खातों के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन अभियान बना।

वर्ष 2017 में लागू जीएसटी को स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े कर सुधारों में माना जाता है। अनेक अप्रत्यक्ष करों को हटाकर एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा को मजबूत किया गया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी, कर आधार विस्तृत हुआ और राजस्व संग्रह अधिक व्यवस्थित बना। ढूस्स्र के अनुसार भारत का जीडीपी वर्ष 2014 के लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। भारत जापान को पीछे छोड़ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि इकानामी सर्वे 2025-26 ने एफबाय 26 में 7.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है।

कोविड के बाद आत्मनिर्भर भारत अभियान आर्थिक रणनीति का केंद्र बना। पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, टेलीकॉम और ऑटोमोबाइल सहित 14 रणनीतिक क्षेत्रों को बढ़ावा मिला, जिससे 5.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ। ईजी आफ डूइंग बिजनेस, जीएसटी सुधार और डिजिटल पारदर्शिता के कारण 2025-26 में रिकॉर्ड 94.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ। वहीं, नोटबंदी ने अल्पकालिक चुनौतियों के बावजूद डिजिटल भुगतान, औपचारिक अर्थव्यवस्था तथा काले धन, नकली मुद्रा और आतंक वित्तपोषण पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। वहीं, योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना ने सहकारी संघवाद, तकनीक-आधारित शासन और प्रशासनिक दक्षता को नई मजबूती प्रदान की।

**डिजिटल इंडिया, सामाजिक सशक्तिकरण और आधारभूत विकास** – डिजिटल इंडिया अभियान ने पिछले दशक में भारत की आर्थिक और तकनीकी तस्वीर को व्यापक रूप से बदल दिया। भीम ऐप, आधार और यूपीआई जैसी पहलों ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाया, जहाँ आज विश्व के लगभग 49 प्रतिशत रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं। पीआई कई देशों में सक्रिय है, जबकि आईएमपीएस और फास्टटेग ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को और गति दी। डीबीटी ऑनलाइन सेवाओं और डिजिटल पारदर्शिता ने सरकारी योजनाओं में लीकेज कम किए तथा लाभार्थियों तक सहायता सीधे पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया। स्टार्टअप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई ऊर्जा प्रदान की। इन योजनाओं ने युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को रोजगार खोजने वालों से रोजगार सृजित करने वालों में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और डिजिटल बाज़ार से जोड़कर नई पहचान प्रदान की।

सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध हुई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बालिका शिक्षा, सुरक्षा और जागरूकता को राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप दिया। वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों गरीब महिलाओं को धुएँ से मुक्ति दिलाकर स्वच्छ ईंधन, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन की नई दिशा दी। तीन तलाक प्रथा पर रोक लगाकर मुस्लिम महिलाओं को समानता, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की नई सुरक्षा प्रदान की गई।

कृषि क्षेत्र में पीएम किसान योजना के माध्यम से 11 करोड़ किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की प्रत्यक्ष सहायता दी गई। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में पीएम गति शक्ति योजना के तहत 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया। 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कें तथा तीव्र गति से विस्तारित राष्ट्रीय राजमार्गों ने देश की कनेक्टिविटी को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। नए हवाई अड्डों के निर्माण और 'उड़ान' योजना ने देश की हवाई कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार किया, जबकि वंदे भारत और तेजस जैसी आधुनिक ट्रेनों ने भारतीय रेल के आधुनिकीकरण को नई गति दी।

शिक्षा क्षेत्र में 2014 के बाद 1,200 से अधिक नए विश्वविद्यालय, 10 नए आईआईटी तथा 7 नए आईआईएम स्थापित किए गए। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर सामाजिक न्याय के दायरे का विस्तार किया गया, जिससे आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को शिक्षा और रोजगार में नए अवसर प्राप्त हुए।

नई शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल-आधारित और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया। स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2025 तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एआई,5जी,ड्रोन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में 400 से अधिक आधुनिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए। इंडिया एआई मिशन और सेमीकंडक्टर मिशन ने भारत को भविष्य की प्रौद्योगिकियों का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार तैयार किया।

# आखिर आर्थिक सुनामी के राजनीतिक व आर्थिक मायने मायने क्या हैं?

(कमलेश पांडे)

जानकार बताते हैं कि आर्थिक सुनामी कोई औपचारिक आर्थिक शब्द नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब अर्थव्यवस्था को अचानक और व्यापक झटका लगे तथा उसके प्रभाव दूरगामी हों। इसके कुछ संकेत हो सकते हैं- जीडीपी वृद्धि दर में तेज गिरावट। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी।

राहुल गांधी की आर्थिक सुनामी वाली चेतावनी को फिलहाल एक राजनीतिक चेतावनी और आर्थिक जोखिमों पर विपक्षी आक्रमण के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि उनका यह कहना कि भारत निश्चित रूप से आर्थिक सुनामी की ओर बढ़ रहा है, अभी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी होगी। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों और घरेलू आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस बहस को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता।

आर्थिक मामलों के जानकार बताते हैं कि भारत में वास्तव में आर्थिक सुनामी आएगी या नहीं, इसका कोई निश्चित उत्तर अभी नहीं दिया जा सकता। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हाल में दी गई चेतावनी ने आर्थिक और राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है। क्योंकि राहुल गांधी का तर्क है कि वैश्विक संकट, विशेषकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, महंगाई, ईंधन कीमतों और आर्थिक असमानता के कारण भारत एक बड़े आर्थिक झटके की ओर बढ़ सकता है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के पास पर्याप्त शॉक एब्जॉर्बर हैं–विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित महंगाई, खाद्यान्न भंडार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और मजबूत कर-संग्रह जैसी व्यवस्थाएं–जो बाहरी संकटों का सामना करने में सक्षम हैं।

**सवाल है कि क्या सचमुच आर्थिक संकट का खतरा है?**– भारत के सामने कुछ वास्तविक चुनौतियाँ हैं- जैसे वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि की आशंका। निर्यात और निवेश पर अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर। रोजगार सृजन की चुनौती। और कृषि और एमएसएमई क्षेत्र पर दबाव। लेकिन साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है, और कई आर्थिक संकेतक अभी व्यापक संकट की पुष्टि नहीं करते।

जानकार बताते हैं कि आर्थिक सुनामी कोई औपचारिक आर्थिक शब्द नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब अर्थव्यवस्था को अचानक और व्यापक झटका लगे तथा उसके प्रभाव दूरगामी हों। इसके कुछ संकेत हो सकते हैं- जीडीपी वृद्धि दर में तेज गिरावट। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी। बैंकिंग या वित्तीय संकट। शेयर बाजार में भारी गिरावट। मुद्रा पर दबाव और महंगाई का बढ़ना। निवेश और उपभोग में तीव्र कमी। इतिहास में ग्रेट डीपरेशन (1930 का दशक) और ग्लोबल फायनेंस क्राइस (2008) जैसी घटनाओं को आर्थिक सुनामी के उदाहरण माना जा सकता है।

**सवाल है कि क्या भारत में पीएम मोदी के रहते यह आ सकती है?**– किसी भी सरकार या प्रधानमंत्री के रहते हुए आर्थिक संकट की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। अर्थव्यवस्था अनेक घरेलू और वैश्विक कारकों से प्रभावित होती है, जैसे– वैश्विक मंदी या वित्तीय संकट। तेल की कीमतों में असाधारण वृद्धि। बड़े युद्ध या भू-राजनीतिक तनाव। प्राकृतिक आपदाएं या महामारी। घरेलू नीति संबंधी गंभीर त्रुटियां। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था में कुछ ऐसी ताकतें भी हैं जो बड़े झटकों को सहने में मदद करती हैं– जैसे- विशाल घरेलू बाजार। अपेक्षाकृत मजबूत बैंकिंग और नियामक व्यवस्था। बढ़ता डिजिटल भुगतान तंत्र। बुनियादी ढांचे और विनिर्माण पर निवेश। विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर। दूसरी ओर, चुनौतियां भी मौजूद हैं–जैसे- युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन। कृषि आय में सुधार। निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता। और, आय असमानता और उपभोग मांग का प्रश्न।

इसलिए निष्पक्ष रूप से कहा जाए तो पीएम मोदी के रहते आर्थिक सुनामी निश्चित रूप से आएगी या कभी नहीं आएगी– दोनों दावे तथ्यात्मक रूप से सिद्ध नहीं हैं। भारत की आर्थिक स्थिति कई संकेतकों पर अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है, लेकिन किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह यह वैश्विक और घरेलू जोखिमों से पूरी तरह मुक्त नहीं है। आर्थिक सुनामी की संभावना मुख्यतः नीतियों, वैश्विक परिस्थितियों और भविष्य की घटनाओं पर निर्भर करेगी, न कि केवल किसी एक नेता की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर।

**आखिर आर्थिक सुनामी के मायने क्या हैं?** – आर्थिक सुनामी एक रूपक है, जिसका अर्थ है ऐसा व्यापक और तीव्र आर्थिक संकट जो समाज, बाजार, उद्योग, रोजगार और सरकार की वित्तीय स्थिति को एक साथ प्रभावित कर दे। जिस प्रकार समुद्री सुनामी अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को झकझोर देती है, उसी प्रकार आर्थिक सुनामी भी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों पर गहरा असर डालती है।

आइए जानते हैं आर्थिक सुनामी के प्रमुख संकेत के बारे में- पहला, शेयर बाजार में भारी गिरावट। दूसरा, निवेशकों की संपत्ति तेजी से घटती है। तीसरा, कंपनियों का बाजार मूल्य कम हो जाता है। चौथा, बेरोजगारी में तेज वृद्धि। पांचवां, उद्योगों और कंपनियों में छंटनी बढ़ती है। छठा, नए रोजगार सृजन की गति धीमी पड़ जाती है। सातवां, बैंकिंग और वित्तीय संकट।

# अन्नामलाई का नई पार्टी बनाने का निर्णय आवेश में लिया गया फैसला नहीं, लंबे चिंतन का नतीजा है

**तमिलनाडु की राजनीति में एक नया भूचाल उस समय आ गया जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देकर अपने नए राजनीतिक आंदोलन की घोषणा कर दी। यह फैसला तमिलनाडु की जमी हुई राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने वाला एक बड़ा संदेश है। अन्नामलाई ने जिस साफगोई, साहस और वैचारिक दृढ़ता के साथ अपने फैसले को सामने रखा है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब किसी दल के सीमित दायरे में नहीं, बल्कि तमिल समाज की व्यापक आकांक्षाओं के प्रतिनिधि के रूप में उभरना चाहते हैं।**

(नीरज कुमार दुबे)

अन्नामलाई ने खुलकर कहा कि उनके भीतर लंबे समय से यह संघर्ष चल रहा था कि वह पहले भारतीय हैं या तमिल। यह बयान केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति के उस मूल द्वंद्व को सामने लाता है जिसमें राष्ट्रीय दलों को अक्सर क्षेत्रीय अस्मिता के सामने संघर्ष करना पड़ता है।

तमिलनाडु की राजनीति में एक नया भूचाल उस समय आ गया जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देकर अपने नए राजनीतिक आंदोलन की घोषणा कर दी। यह फैसला तमिलनाडु की जमी हुई राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने वाला एक बड़ा संदेश है। अन्नामलाई ने जिस साफगोई, साहस और वैचारिक दृढ़ता के साथ अपने फैसले को सामने रखा है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब किसी दल के सीमित दायरे में नहीं, बल्कि तमिल समाज की व्यापक आकांक्षाओं के प्रतिनिधि के रूप में उभरना चाहते हैं।

अन्नामलाई ने खुलकर कहा कि उनके भीतर लंबे समय से यह संघर्ष चल रहा था कि वह पहले भारतीय हैं या तमिल। यह बयान केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति के उस मूल द्वंद्व को सामने लाता है जिसमें राष्ट्रीय दलों को अक्सर क्षेत्रीय अस्मिता के सामने संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चार दिसंबर 2025 को ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व को इस्तीफे का फैसला बता दिया था, लेकिन उनसे चुनाव तक रुकने का अनुरोध किया गया। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी लोकप्रियता और प्रभाव को लेकर कितना सजग था।

इसे भी पढ़ें- जिसने आज तक नहीं जीता कोई चुनाव, तमिलनाडु में विजय से ज्यादा वो चर्चा में क्यों? अन्नामलाई का गेम और शाह का प्लान, पूरी कहानी कुछ और है

पूर्व पुलिस अधिकारी रहे अन्नामलाई ने भारतीय जनता पार्टी में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से प्रवेश किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी में रहते हुए उन्होंने कभी तमिलनाडु की पहचान से समझौता नहीं किया। पिछले अठारह महीनों में संगठनात्मक मामलों को लेकर उनकी असहमति लगातार बढ़ती गई। यही कारण है कि उन्होंने अब एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता चुनने का फैसला किया है। यह निर्णय किसी आवेश का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे चिंतन और रणनीतिक तैयारी का हिस्सा दिखाई देता है।

अन्नामलाई ने अपने नए आंदोलन वी द लीडर की घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि उनका उद्देश्य केवल एक और राजनीतिक दल खड़ा करना नहीं, बल्कि राजनीति की भाषा और संस्कृति को बदलना है। उन्होंने परिवारवाद और व्यक्तिपूजा की राजनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी विधायक, भावनात्मक नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर राजनीति चलती रही है, वहां अन्नामलाई प्रशासनिक दक्षता, नैतिकता और प्रतिभा आधारित नेतृत्व की बात कर रहे हैं। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

उनके आंदोलन के अंतर्गत कोयंबटूर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फोर एथिक्स एंड पॉलिटिक्स की स्थापना का फैसला भी बताता है कि वह केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि



सांसद या मंत्री का पद स्थायी नहीं होना चाहिए। यह बयान तमिलनाडु की उस परंपरागत राजनीति पर करारा प्रहार है जिसमें कुछ परिवारों और सीमित चेहरों के इर्दगिर्द सत्ता घूमती रही है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्नामलाई ने राजनीति में तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं और सामान्य नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि अब आम आदमी की नई पीढ़ी की राजनीति की नींव रखी जा रही है। यह सोच उन्हें पारंपरिक नेताओं से अलग करती है। देखा जाये तो तमिलनाडु में जहां लंबे समय से वैचारिक और नैतिक प्रशिक्षण की स्थायी व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। यह दृष्टिकोण तमिलनाडु की राजनीति में एक नई बौद्धिक धारा पैदा कर सकता है। उनके आह्वान के कुछ ही समय बाद हजारों लोगों का उनके राजनीतिक आंदोलन से जुड़ना यह संकेत देता है कि जनता के एक हिस्से में बदलाव की बेचैनी पहले से मौजूद थी।

बताया जा रहा है कि अन्नामलाई ने भाजपा नेतृत्व के सामने दो स्पष्ट विकल्प रखे थे। एक तो उन्हें पर्याप्त स्वायत्तता और अधिकारों के साथ कम से कम सात वर्षों तक प्रदेश नेतृत्व दिया जाए, या फिर उन्हें स्वतंत्र राजनीतिक राह चुनने दी जाए। यह मांग उनके आत्मविश्वास और दूरदृष्टि दोनों को दर्शाती है। साथ ही इस्तीफे का ऐलान करने से पहले दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से उनकी मुलाकात तथा पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें मनाने की कोशिश इस बात का प्रमाण है कि अन्नामलाई की अहमियत से भाजपा नेतृत्व वाकिफ है।

वैसे तमिलनाडु की मौजूदा राजनीति भी अन्नामलाई के लिए अवसर लेकर आई है। हालिया विधानसभा चुनावों में द्रविड दलों को झटके लगे और अभिनेता विजय की पार्टी ने अप्रत्याशित सफलता हासिल की। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राज्य की जनता अब पारंपरिक राजनीतिक ढांचे से बाहर विकल्प तलाश रही है। अन्नामलाई का मानना है कि राष्ट्रीय दलों के लिए यहां सीमित राजनीतिक जगह है, इसलिए एक मजबूत क्षेत्रीय विकल्प ही जनता की आकांक्षाओं को सही दिशा दे सकता है। उनकी यह समझ राजनीतिक रूप से बेहद व्यावहारिक और दूरदर्शी मानी जा रही है।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भले ही कहा हो कि अन्नामलाई के जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन राजनीतिक वास्तविकता इससे अलग दिखाई देती है। अन्नामलाई ने तमिलनाडु में भाजपा को ऊर्जा, आक्रामकता और जनस्वीकार्यता दी थी। अब उनके अलग होने से भाजपा के सामने नेतृत्व और जनाधार दोनों की चुनौती खड़ी होगी। दूसरी ओर, अन्नामलाई यदि अपने आंदोलन को संगठित ढंग से आगे बढ़ाते हैं तो वह तमिलनाडु की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में तेजी से उभर सकते हैं।

बहरहाल, यह स्पष्ट है कि अन्नामलाई ने केवल पार्टी नहीं छोड़ी, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति को नई दिशा देने की चुनौती स्वीकार की है। उनकी राजनीति में साहस है, वैचारिक स्पष्टता है और बदलाव की बेचैनी भी है। आने वाले वर्षों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि क्या उनका यह आंदोलन तमिलनाडु की राजनीति में वैसा ही परिवर्तन ला पाएगा जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं। फिलहाल इतना तय है कि अन्नामलाई ने राजनीति के मैदान में एक नई बहस छेड़ दी है और इस बहस को नजरअंदाज कर पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अररिया-पूर्णिया मार्ग पर सड़क हादसे में चार की मौत, कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया-पुर्णिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को नगर थाना अंतर्गत कुसियार गांव पार्क के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। मिली जानकारी अनुसार एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराई और फिर दूसरी लेन में पहुंचकर सामने से आ रही मारुति ब्रेजा से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान पुर्णिया जिले के अमौर प्रखंड अंतर्गत सकमा बिशनपुर निवासी मयानंद झा (60), शांति देवी (60) और गौतम कुमार ठाकुर उर्फ रंतू (49) बताया जा रहा है कि तीनों आपस में मां-बेटे और चाचा के रिश्ते में थे। इस घटना में साइकिल सवार कोनेन अख्तर, पिता जाहिद ( गैयारी, अररिया ) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो पर सवार छह लोग मधेपुरा जिले के रामनगर में एक रिश्तेदार के क्रियाकर्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में चालक, वाहन से नियंत्रण खो बैठा। दुर्घटना में स्कॉर्पियो और ब्रेजा दोनों वाहनों में सवार कुल 10 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल अररिया पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। घायलों में जवाहर झा (60), लक्ष्मी ठाकुर (43) और मधु लता देवी (55) समेत कई लोग शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना एवं यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है। हादसे के बाद सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक ही परिवार के कई सदस्यों के प्रभावित होने से गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है।





## भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोगों की स्थिति गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के आलमपुर पंचायत अंतर्गत पलडांगा गांव में भूमि विवाद में दो पक्ष के बीच जमकर हुई मारपीट में तीन लोगों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में प्राथमिक उपचार के बाद कटिहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन के बाद आजमनगर थाने में मामला दर्ज कर दिया गया है। एक पक्ष के नीरज कुमार सिंह ( 20) पिता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि चाचा के द्वारा खानदानी जमीन दूसरे के पास बेचने को लेकर हुए विवाद के बाद लाठी डंडे से पिटाई कर समेलन देवी (42) पति विमल कुमार सिंह, कंचन देवी (26) पिता विमल कुमार सिंह तथा नीरज कुमार सिंह(20) पिता धीरेंद्र सिंह को बुरी तरह से घायल कर दिया है। मारपीट की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

## अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर डूमर स्थित रिलायंस जियो पेट्रोल पंप के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार की दोपहर की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन को जब्त कर लिया है तथा आगे की कार्रवाई में जुट गई है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कटिहार



बताई जा रही है।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कटिहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान मनोहर यादव (33) पिता स्वर्गीय वकील यादव निवासी छोहार पंचायत, समेली तथा सदानंद सिंह (52) पिता सुखदेव प्रसाद, निवासी तेतरी पकड़ा नवगछिया जिला भागलपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पोठिया थाना के एसआई शंभू झा, एएसआई डोली कुमारी सहित पुलिस बल के जवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली पहुंचे और मामले की सदर अस्पताल भेजा गया है। साथ ही घायलों के परिजनों को दूरभाष के माध्यम से घटना की सूचना दे दी गई है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, पूर्व प्रमुख प्रकाश मंडल, राजन कुमार, अमित सहारा, समाजसेवी सुनील शर्मा, उत्तम कुमार, प्रवीण रविदास, पवन कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार, राहुल भारती सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपाय करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखनाथ धाम का विभागीय अभियंता ने किया निरीक्षण

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाबा गोरखनाथ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।बिहार सरकार पर्यटन विभाग द्वारा 14 करोड़ 25 लाख 71 हजार की राशि से बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर का सौंदर्यीकरण हो रहा है। पर्यटन विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार,सहायक अभियंता विशाल कुमार, कनीय अभियंता मनोज कुमार के द्वारा बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंच कर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संवेदक को आवश्यक निर्देश देते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पुर्ण करने की सलाह दी गयी। विशेष कर मंदिर परिसर स्थित शिव गंगा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य 25 जुन से पहले पूर्ण करने का निर्देश दिये। ताकि श्रावण माह पूर्णिमा में श्रद्धालुओं को सुविधा मिले। कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए बिहार सरकार द्वारा विकास कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में निर्माण कार्य का निरीक्षण विभाग के अभियंता की टीम द्वारा किया गया। विशेष रूप से मंदिर परिसर में स्थित शिव गंगा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य श्रावण पूर्णिमा से पहले पूर्ण करने कि बात कही। ताकि कांवरियों को असुविधा नहीं हो। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

### बिना लाइसेंस मीट दुकानों पर कार्रवाई, जल्द होंगे बंद

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा नगर पंचायत अंतर्गत गेराबाड़ी बाजार में सड़क किनारे एवं बाजार क्षेत्र में संचालित मीट दुकानों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन दुकानदारों के पास वैध लाइसेंस नहीं है उनकी दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाएगा। नगर पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद शाहनवाज रजा, स्वच्छता पदाधिकारी सृष्टि सुमन,वार्ड पार्षद धर्मवीर चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि खन्ना शर्मा एवं धर्मा शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि अवैध रूप से चल रही मीट दुकानों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया गया है कि बिना लाइसेंस कोई भी दुकान संचालित नहीं होगी।अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही सभी संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस के बाद जिन दुकानों के पास लाइसेंस नहीं होगा, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। वहीं लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही दुकानों को पुनः खोलने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन और नियमों का पालन अनिवार्य होगा। मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे समय रहते अनुज्ञप्ति प्राप्त करें और निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

### रेलवे ट्रैक पर मिला एक व्यक्ति को रेलवे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आजमनगर रेलखंड पर खुरियाल रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पर मिला एक अज्ञात व्यक्ति को रेलवे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया। बताया जाता है कि खुरियाल रेलवे स्टेशन के निकट वह अज्ञात व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर दर्द से कराह रहे थे। इस दौरान रेलवे के कर्मचारियों की नजर पड़ी तो रेलवे पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद रेलवे पुलिस के द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती करा दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया। अज्ञात व्यक्ति किसी ट्रेन से गिरा है या रेलवे ट्रैक पर कैसे आया इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

### असहाय मजदूर की मौत पर जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के जगरनाथपुर पंचायत अंतर्गत लखनपुर संथाली टोला में एक असहाय एवं निर्धन मजदूर की मौत के बाद उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सामने जीवनयापन का संकट गहराने लगा है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हृदय नारायण उरांव, पूर्व प्रमुख मनोज कुमार मंडल एवं सरपंच तल्लू हेंब्रम मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।जनप्रतिनिधियों ने दुख की इस घड़ी में परिवार का हौसला बढ़ाते हुए अपनी ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पंचायत परिवार हमेशा गरीब और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा है और इस कठिन समय में मृतक के परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि हृदय नारायण उरांव ने कहा कि समाज के कमजोर एवं असहाय परिवारों की मदद करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि और समाज का दायित्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मृतक के आश्रितों को सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं एवं आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। वहीं पूर्व प्रमुख मनोज कुमार मंडल एवं सरपंच तल्लू हेंब्रम ने कहा कि परिवार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा तथा संबंधित विभागों से संपर्क कर सरकारी सहायता राशि एवं अन्य योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ताकि परिवार को आर्थिक संकट से कुछ राहत मिल सके। इस अवसर पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने भी मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया तथा परिजनों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में सामाजिक एकजुटता ही पीड़ित परिवार के लिए सबसे बड़ा सहारा होती है।

# फलका-गेड़ाबाड़ी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

## तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के फलका - गेड़ाबाड़ी मार्ग पर बुधवार की सुबह करीब दस बजे भरसिया पोखर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में दोनों बाइकों के चालकों सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मियों की पहचान फलका बाजार निवासी मोहम्मद मुन्ना (45), मो. अब्जल (40) और दरमाहि निवासी मनिक मरंडी (23) के रूप में हुई है।

दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयें ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि फलका बाजार निवासी मोहम्मद मुन्ना और मो. अब्जल अपनी बाइक से किसी निजी काम के लिए गेड़ाबाड़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दरमाहि निवासी माणिक मरंडी अपनी बाइक से कोढ़ा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से पूर्णिया जिले के मैनी गांव की तरफ जा रहा था।जैसे ही दोनों बाइक फलका-गेड़ाबाड़ी पथ पर भरसिया पोखर के समीप पहुंचीं, दोनों में सीधी भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे के बाद से घायल युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# आग लगने से घर और दो मवेशी जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार) ।** हसनगंज थाना क्षेत्र के कालसर पंचायत के वार्ड संख्या 5 स्थित रामपुर कोशपाली हरखा पोखर गांव में मंगलवार की देर रात आग लगने से दो परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आने से दो गाय,चार बकरियां और कई मुर्गेझमुर्गियों व बत्तख की झुलसकर मौत हो गई। वहीं घर ने रखा नगद रुपये,कपड़े व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार पीड़ित मो उस्मान और हेफजूर रहमान के टीन छप्पर वाले घर में पशुओं को मच्छरों से बचाने के लिए धुंआ किया गया था। आशंका जताई जा रही है कि इसी धुंए की वजह से घर में आग लग गई,और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया,और पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया।पीड़ित मो उस्मान एवं ग्रामीण मो आरिफ ने बताया कि घटना देर रात की है। आग लगने के कारण घर में बंधे दो गाय,चार बकरियां और कई मुर्गाझमुर्गियां और बत्तख के झुलसने से उनकी मौत हो गई। वहीं कुछ अन्य गाय और बकरियां गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई है। वहीं आग की लपटे देख ग्रामीण मौके पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वहीं घटना की सूचना पर जिला से अग्नि शामक वाहन भी मौके पर पहुंची।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत नवजात कन्याओं को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में बेटी बचाओझबेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या शिशुओं के जन्म एवं उनके पूर्ण टीकाकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर प्रखंड स्तर पर 0 से 3 माह तक की नवजात कन्या शिशुओं एवं उनकी माताओं को बेबी किट वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बेटी बचाओझबेटी पढ़ाओ योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का अभियान है। इसके माध्यम से लोगों को बेटियों के महत्व को समझाने और उनके जन्म पर खुशी मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, नवजात शिशुओं के समय पर टीकाकरण को सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। इसी क्रम में कोढ़ा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में भी बेबी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की उपस्थिति में लाभार्थी माताओं को किट प्रदान किया गया। बेबी किट में शिशु देखभाल से संबंधित आवश्यक सामग्री शामिल थी, जो नवजात के शुरूआती दिनों में काफी उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने माताओं को शिशु के पोषण, स्वच्छता और टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवजात बच्चियों का समय पर टीकाकरण उनके स्वस्थ जीवन की नींव रखता है। इस पहल से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और लोगों में बेटियों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।



# 12 साल विश्वास व जनकल्याण अभियान के तहत घर-घर पहुंची भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** बुधवार को कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोढ़ा प्रखंड के बसगढ़ा पंचायत में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ह्व12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण केह्व विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कोढ़ा विधायक कविता पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान विधायक ने घर-घर जाकर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली,पानी,आवास एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी बातें रखीं, जिस पर विधायक ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी भी लोगों के बीच साझा की गई। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है और भाजपा कार्यकर्ता इसी उद्देश्य से जनसंपर्क कर रहे हैं। विधायक कविता पासवान ने कहा,प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। हमारा प्रयास है कि इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित दिखे।



# विशाल पीपल का पेड़ घर पर गिरने से एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** मंगलवार की देर रात तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश के दौरान प्रखंड के मघेली पंचायत स्थित वार्ड संख्या-11 गयारहिका गांव में एक विशाल पीपल का पेड़ एक घर पर गिर जाने के कारण एक एक व्यक्ति की दबने से मौत हो गयी।जबकि घटना में परिवार के अन्य पांच लोग घायल हो गये। ।जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी कोढ़ा लाया गया।जहां सभी का उपचार चल रहा है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद घर के अंदर दबे लोगों को बाहर निकाला गया।इस विशाल पीपल के पेड़ ने मृतक सहित अन्य दो भाई कैलाश राम और विकास राम के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात अचानक तेज आंधी- तूफान के साथ बारिश होने के दौरान मघेली पंचायत के गयारहिका गांव में एक विशाल पीपल का पेड़ विलास राम के घर पर गिर गया।जिससे बिलास राम,पत्नी भारती देवी,पुत्र बालवीर कुमार, दुर्गेश कुमार,पुत्री निभा कुमारी, शिवानी कुमारी सभी घर के अंदर दबे रह गए।आंधी-तूफान थमने के बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी को अंदर से बाहर निकाला। लेकिन तबतक बिलास राम (35)की मौके पर मौत हो चुकी थी।घटना के बाद गयारहिका गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया।हर तरफ चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना को लेकर जिला पार्षद गायत्री कुमारी,प्रमुख दीपशिखा सिंह,शंकर मुखिया सहित सभी ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।वहीं घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव सदलबल के साथ मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई में जुट गये।



# विशेष अभियान में शराब तस्कर और मोबाइल चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष संयुक्त अभियान के तहत कटिहार रेल क्षेत्र में अपराध एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते दो दिनों के दौरान चोरी,शराब तस्करी एवं मोबाइल चोरी के मामलों में कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की गई। आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक बाबलू कुमार एवं उनकी टीम ने भट्ठा गांव में छापेमारी कर ओएचई कैटेनरी वायर चोरी कांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने 16 मई की रात कटिहार-मनियान स्टेशन खंड के बीच रेलवे की ओएचई कैटेनरी तार की चोरी की गई थी।

वही पकड़े गए आरोपियों के निशानदेही पर आरपीएफ ने कटिहार शहर के शिव मंदिर चौक स्थित एक आभूषण एवं बर्तन व्यवसायी को भी गिरफ्तार किया है। जिनके प्रतिष्ठान से लगभग 40 किलोग्राम चोरी किए गए रेलवे तांबे के तार के कटे हुए टुकड़े बरामद किए गया है। वहीं दूसरी ओर आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने ट्रेन नंबर 15725 के कटिहार स्टेशन पहुंचने पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान खगड़िया निवासी रेखा देवी को दो बैगों में छिपाकर ले जाए जा रहे 13 बोतल प्रतिबंधित विदेशी शराब 9.750 लीटर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 4,615 रुपये बताई गई है। मामले को आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी कटिहार को सौंप दिया गया है। जांच में महिला के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत पूर्व में भी मामला दर्ज पाया गया। जीआरपी कटिहार ने मोबाइल चोरी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोलाघाट निवासी मोहम्मद अयान (23 ) को चोरी के पांच मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।इसके अतिरिक्त, कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-8 के उत्तरी छोर पर एएलटीएफ टीम द्वारा लावारिस अवस्था में खड़ी एक मोटरसाइकिल से 25.500 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर रेल थाना कटिहार में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।आरपीएफ एवं जीआरपी के वरीय अधिकारी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा तथा रेलवे संपत्ति की रक्षा के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव द्वारा सभी को जेल भेज दिया गया।




# मक्का लदा ट्रैक्टर पलटा, टला हादसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के गोबराही दियारा के दुर्गा स्थान टोला में मक्का लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में एक किसान चोटिल हो गये। हालांकि ट्रैक्टर पलटने से बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार मक्का लदा ट्रैक्टर गोबराही दियारा से कुरसेला की ओर आ रहा था। इसी दौरान कच्ची सड़क पर अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। घटना के बाद जुटे आसपास के स्थानीय लोगों की मदद से घायल किसान को बाहर निकाला गया। घायल का इलाज गांव में ही कराया गया। घटना में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

# बिना गारंटी के मिलेगा 20 लाख का एजुकेशन लोन!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार बिना किसी गारंटी के मिलने वाले एजुकेशन लोन की मौजूदा 7.5 लाख रुपये की लिमिट को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वित्त और शिक्षा मंत्रालयों के बीच इसे लेकर चर्चा चल रही है। मौजूदा नियमों के तहत 7.5 लाख रुपये तक के लोन पर 'क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम फॉर एजुकेशन लोन्स' के जरिए 75 प्रतिशत रकम की गारंटी मिलती है। एक अधिकारी ने श्वञ्ज को बताया कि इस बारे में शुरुआती बातचीत हो चुकी है। मंत्रालयों के बीच आपस में चर्चा होने के बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। इससे बैंक शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा लोन देने के लिए प्रोत्साहित होंगे। सरकार कुछ और प्रस्तावों पर भी गौर कर रही है। जैसे कि गारंटी वाले लोन में 'को-एप्लीकेंट' की जरूरत को खत्म करना। साथ ही, उन सभी छात्रों को ऐसे लोन देना जिन्होंने नैशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल जैसे संस्थानों से मान्यता प्राप्त कॉलेज में मेरिट के आधार पर एडमिशन लिया है।

7.5 लाख (बिना गारंटी वाला लोन)। संसदीय समिति ने 20 लाख करने का सुझाव दिया है। कुल लोनः मार्च 2025 तक 46,674 करोड़ रुपये के लोन की गारंटी दी गई। मंजूरीः वित्त वर्ष 2026 में 3.8 लाख से ज्यादा लोन मंजूर हुए। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2025 तक ष्टत्रस्नस्थ्ररु के तहत 46,674 करोड़ रुपये के 11.8 लाख से ज्यादा लोन खातों को गारंटी दी जा चुकी है। एफवाय25 के गारंटी वाले लोन की रकम में 9.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। एफवाय26 में 3.8 लाख से ज्यादा एजुकेशन लोन मंजूर हुए।

### क्या है योजना

साल 2024 में सरकार ने पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की थी। यह बिना किसी गारंटी और गारंटर के 7.5 लाख तक का एजुकेशन लोन है। यह उन छात्रों को मिलता है जिन्होंने देश के 952 चुनिंदा बेहतरीन संस्थानों में मेरिट के आधार पर एडमिशन लिया है।

### क्या है सुझाव

दिसंबर 2025 में एक संसदीय समिति ने सिफारिश की थी कि ष्टत्रस्नस्थ्ररुकी गारंटी सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया जाना चाहिए।

# ईरान युद्ध के बीच सरकार ने दो महीने में जुटाए 20,000 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के बीच सरकार ने इस फाइनेंशियल ईयर के पहले दो महीने में विनिवेश और एसेट की बिक्री से लगभग 20,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कच्चे तेल और फर्टिलाइजर्स की कीमत में काफी तेजी आई है। इससे सरकार का सब्सिडी का खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार गैर-टैक्स रेवेन्यू के जरिए संसाधन जुटाने की अपनी रणनीति पर काम कर रही है। अब तक जुटाया गया फंड पूरे साल के टारगेट का लगभग 25 प्रतिशत है। सरकार ने इस साल 80,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है।

खाद मंत्रालय ने मौजूदा फाइनेंशियल ईयर में सब्सिडी को दोगुना करने की मांग की है। फर्टिलाइजर्स के लिए इस साल बजट में 1.7 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का प्रावधान किया गया था। साथ ही सरकार घरेलू कंपनियों को भी खाद का उत्पादन बढ़ाने के लिए कह रही है।



ईरान युद्ध के कारण जहाजों की उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है और कई खाद सप्लायर बाजार से हट रहे हैं।

इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के असर को कम करने के लिए केंद्र ने सरकारी तेल कंपनियों को 1.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है। इसमें एक्साइज ड्यूटी में कटौती भी शामिल है। तेल कंपनियों ने हाल में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतें बढ़ाई हैं। आगे भी किस्तों में कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। साथ ही केंद्र को गैस सिलेंडर के लिए भी सब्सिडी देनी होगी क्योंकि तेल कंपनियों को अब भी रोजाना करीब 700 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभी खर्च में कटौती या बदलाव की कोई योजना नहीं है, लेकिन मॉनसून सत्र के दौरान अतिरिक्त खर्च के लिए संसद की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेवेन्यू और खर्च के मोर्चे पर स्थिति जुलाई के मध्य में साफ होगी, जब पहली तिमाही के आंकड़े उपलब्ध होंगे। अधिकारी ने कहा कि अभी हमारे खर्च की योजनाओं की समीक्षा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बजट पेश करते समय हमने ग्लोबल अनिश्चितता को ध्यान में रखा था।

### कैसे जुटाया पैसा

लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पैदा हुई समस्याओं के कारण सरकार विनिवेश और एसेट मोनेटाइजेशन के जरिए और फंड जुटाने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्थिति की समीक्षा कर रही हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मोनेटाइजेशन और डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के पास न केवल पूरे साल के लिए बल्कि मध्यम अवधि के लिए भी योजनाएं तैयार हैं। इस फाइनेंशियल ईयर में अब तक विनिवेश के जरिए 12,166 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। इसी तरह एसेट मोनेटाइजेशन से 6,367 करोड़ रुपये आए हैं। सेंट्रल बैंक, कोल इंडिया और एनएचपीसी में ऑफर-फॉर-सेल से पैसा जुटाया गया है।

## हवाई सफर करने वालों को बड़ा झटका! सीधे 10 प्रतिशत महंगा हुआ एटीएफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में हवाई यात्रा करने वालों और एयरलाइन कंपनियों के लिए एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सरकारी तेल कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी विमान ईंधन की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही सरकार ने एयरलाइंस को राहत देने के लिए एक नई प्राइस स्टेबलाइजेशन योजना भी शुरू की है, जिसके तहत एयरलाइंस चाहें तो अगले तीन साल तक के लिए ईंधन की कीमत तय कर सकती हैं। इस कदम का मकसद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव से एयरलाइंस को बचाना है। नई दरों के अनुसार, दिल्ली में कीमत बढ़कर लगभग 115 प्रति लीटर हो गई है, जबकि पहले यह करीब 104.93 प्रति लीटर थी, यानी एयरलाइंस को अब हर लीटर ईंधन पर ज्यादा खर्च करना होगा। विमानन उद्योग में सबसे बड़ा खर्च माना जाता है और यह किसी भी एयरलाइन की कुल ऑपरेशन कॉस्ट का लगभग 35 प्रतिशत से 40 प्रतिशत हिस्सा होता है।

# सोना 4,300 लुढ़का, चांदी में 10,000 की गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संकट गहराने से आज सोने और चांदी की कीमत में आज गिरावट आई है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में चांदी की कीमत में करीब 5,000 रुपये की गिरावट आई है जबकि सोना भी 2,900 रुपये सस्ता हुआ है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच फिर घमासान शुरू हो गया है। इससे कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है और महंगाई बढ़ने तथा ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बने रहने का खतरा है। यही कारण है कि सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है।

एमसीएक्स पर 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 152443 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,49,926 रुपये पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 2,943 रुपये की गिरावट के साथ 1,49,500 रुपये तक गिरा। सुबह 10.20 बजे यह 2593 रुपये यानी 1.7 फीसदी गिरावट के साथ 1,49,850 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह 3 जुलाई वाली चांदी पिछले सत्र में 2,38,528 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज 2,34,009 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 5,128 रुपये की गिरावट के साथ 2,33,400 रुपये तक गिरा।

### सर्राफा बाजार का हाल

सर्राफा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में काफी गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 4,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,860 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। 22 कैरेट वाले सोने की कीमत में 3,950 रुपये की गिरावट आई है और यह 1,36,450 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाला सोना भी 3,230 रुपये की गिरावट के साथ 1,11,640 रुपये पर है। चांदी 10,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,50,000 रुपये पर आ गया।

## टैक्स चोरी मामले में अनिल अंबानी के खिलाफ नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाई, अदालत से मिली राहत



**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने काला धन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें कथित कर चोरी मामले में अभियोजन और जुर्माने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत दे दी है। अंबानी ने अपनी याचिका में कहा कि (अघोषित विदेशी आय और परिसंपत्तियां) तथा कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के कुछ प्रावधान संविधान के अल्ट्रा वायर्स (अर्थात संविधान के अधिकार क्षेत्र से परे/विरोधी) हैं। नीवाला की पीठ ने मंगलवार को अंबानी की याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि इस अधिनियम के खिलाफ उच्च न्यायालय में अन्य याचिकाएं भी लंबित हैं। इस पर अंतिम सुनवाई उचित समय पर की जाएगी। अदालत ने केंद्र सरकार को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि अंबानी के खिलाफ पहले ही आकलन आदेश पारित किया जा चुका है और उन्होंने आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है। अदालत ने कहा, उक्त अपील आगे बढ़ सकती है और उस पर आदेश पारित किए जा सकते हैं।

## एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा एसबीआई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अपने पैसे को सुरक्षित रखते हुए अच्छा रिटर्न कमाना चाहते हैं, तो फिक्स्ड डिपॉजिट आज भी सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्पों में से एक माना जाता है। खासकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी एक ऐसा निवेश है, जहां जोखिम कम होता है और तय ब्याज के साथ नियमित आय की सुविधा मिलती है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसके बावजूद देश के बड़े बैंक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक एफडी ब्याज दरें ऑफर कर रहे हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक की बात करें तो यह सामान्य ग्राहकों को 3.05 प्रतिशत से 6.45 प्रतिशत तक और वरिष्ठ नागरिकों को 3.55 प्रतिशत से 6.90 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। लोकप्रिय अमृत वृष्टि योजना भी निवेशकों के बीच काफी पसंद की जा रही है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में शामिल अपने ग्राहकों को 2.75 प्रतिशत से 6.50 प्रतिशत तक और वरिष्ठ नागरिकों को 3.25 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। बैंक की सबसे ज्यादा ब्याज दर 3 साल 1 दिन से लेकर 4 साल 7 महीने से कम अवधि वाली एफडी पर मिल रही है। ऐसे में लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह एक अच्छा विकल्प माना जा सकता है।

# सुंदर पिचाई की नेटवर्थ 1.6 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई का आज जन्मदिन है। वह 54 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 10 जून 1972 को हुआ था। भारतीय मूल के पिचाई 2004 में गूगल से जुड़े थे। वह कंपनी में तेजी से आगे बढ़े। 2015 में कंपनी का सीईओ बनने से पहले के 11 सालों में उन्हें चार बार प्रमोशन मिला। हाल ही में अल्फाबेट (गूगल की पैरेंट कंपनी) के बोर्ड ने सुंदर पिचाई के लिए एक नया 3-साल का परफॉर्मेंस-लिंक्ड इंसेंटिव पैकेज मंजूर किया है। इसके तहत वह अगले 3 सालों में 69.2 करोड़ डॉलर (लगभग 5,700 करोड़ रुपये से अधिक) तक कमा सकते हैं। हालांकि, पिचाई के पैकेज का एक बड़ा हिस्सा 'परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स' के रूप में है। इनकी अंतिम कीमत मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करती है कि मूल कंपनी 'अल्फाबेट' शेयरधारकों के लिए कैसा प्रदर्शन करती है। पिछले दशक में सुंदर पिचाई के नेतृत्व में गूगल का मार्केट




कैपिटलाइजेशन लगभग सात गुना बढ़कर 535 डॉलर अरब से 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इस साल जनवरी में इसने कुछ समय के लिए 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार किया था। फोर्ब्स रियल-टाइम बिलियनेयर्स के अनुसार, 9 जून 2026 तक सुंदर पिचाई की नेटवर्थ 1.6 अरब डॉलर (लगभग 15,265 करोड़)थी। सालों में गूगल की वैल्यूएशन में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी ने पिचाई की निजी संपत्ति को काफी बढ़ाया है। इससे मैकिन्से एंड कंपनी के पूर्व कंसल्टेंट रहे पिचाई अरबपति बन गए हैं। चूंकि उनके नए वेतन-पैकेज का ज्यादा हिस्सा स्टॉक के रूप में है। इसलिए इसे तब तक उनकी नेट वर्थ में नहीं गिना जाएगा जब तक कि यह 'वेस्ट' न हो जाए। इसकी कोई तत्काल या नकद में बदली जा सकने वाली कीमत नहीं होती। आमतौर पर कर्मचारी के कंपनी छोड़ने पर इसे जब्त कर लिया जाता है।

एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, पिचाई को अभी 20 लाख डॉलर का सालाना वेतन मिलता है। उन्हें आखिरी बार दिसंबर 2022 में 21.80 करोड़ डॉलर का स्टॉक अवॉर्ड मिला था। इसे हालिया वेतन-पैकेज की तरह ही तैयार किया गया था। इन स्टॉक-आधारित अवॉर्ड्स के अलावा, कंपनी की ओर से उनकी निजी सुरक्षा से जुड़े खर्चों को उठाने से भी उनकी कमाई बढ़ती है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ये निजी सुरक्षा खर्च बढ़कर 83 लाख डॉलर हो गए। रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, पिचाई और उनकी पत्नी अंजलि के पास कुल मिलाकर करीब 16.7 लाख गूगल शेयर हैं।

सुंदर पिचाई का असली नाम पिचाई सुंदरराजन है। वह चेन्नई में पले-बढ़े। उनके पिता एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। उनकी मां उनके और उनके छोटे भाई के जन्म से पहले स्टेनोग्राफर के तौर पर काम करती थीं। गूगल के चीफ एग्जीक्यूटिव ने खड़गपुर से मेटलर्जिकल और मटीरियल्स इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। 1993 में पिचाई अमेरिका चले गए। स्टैनफोर्ड से मास्टर डिग्री हासिल की। बाद में उन्होंने डिग्री के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया के व्हार्टन स्कूल में पढ़ाई की। जब वह 2004 में गूगल से जुड़े तो उन्होंने प्रोडक्ट मैनेजमेंट के तौर पर शुरुआत की।

## सीएमआर ग्रीन आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, 43 प्रतिशत प्रीमियम पर हुआ डेब्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज आईपीओ की बुधवार को शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयरों ने अपने आईपीओ इश्यू प्राइस के मुकाबले 43 प्रतिशत के तगड़े प्रीमियम के साथ बाजार में शुरुआत की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 192 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले 275.40 रुपये पर ओपन हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इसकी लिस्टिंग 268 रुपये पर हुई, जो आईपीओ प्राइस से 40 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बाद में निवेशकों ने मुनाफावसूली भी शुरू कर दी, जिससे इसकी कीमत में 8 प्रतिशत से ज्यादा तक की गिरावट आ गई। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था और यह कुल 127.07 गुना सब्सक्राइब हुआ था, जिसने इसे इस साल के सबसे लोकप्रिय पब्लिक इश्यूज में से एक बना दिया। क्यूआईबी कैटेगरी : संस्थागत निवेशकों ने इसमें सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई और यह हिस्सा 270.46 गुना भरा। गैर-संस्थागत निवेशकों का सेगमेंट 172.35 गुना बुक हुआ। खुदरा निवेशकों के हिस्से को 27.08 गुना बोलियां मिलीं। धमाकेदार लिस्टिंग के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली भी शुरू कर दी।

**बनाएंगे भारत का पहला एआई डेटा सेंटर, रिलायंस के शेयर चमके**

# मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की नई साझेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के शेयर बाजारों में की वजह से पिछड़ रहे भारत के लिए गुड न्यूज है। मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की नई साझेदारी से भारत में पहला एआई से लैस डेटा सेंटर स्थापित होने जा रहा है। इस खबर के बाद रिलायंस इंडस्टीज के शेयर शुरुआती कारोबार में ही 1.53 प्रतिशत चढ़कर 1289 रुपये पर पहुंच गए।

सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर की दिग्गज कंपनी ने भारत में अपना पहला एआई से लैस डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी की है। यह प्रोजेक्ट गुजरात के जामनगर में विकसित की जाएगी और इसे भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### कब तक बनकर हो जाएगा तैयार

रिलायंस इंडस्ट्रीज 168 मेगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक डेटा सेंटर विकसित करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। भविष्य में इसकी क्षमता को और बढ़ाने का विकल्प भी मौजूद रहेगा। मनीकंट्रोल




की खबर के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत रिलायंस डेटा सेंटर की डिजाइनिंग, निर्माण, बिजली और यूटिलिटी मैनेजमेंट, रिन्यूअल एनर्जी सप्लाई, नेटवर्क कनेक्टिविटी और मैनेज्ड सर्विसेज जैसी सभी सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह साझेदारी के बीच पहले से मौजूद रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करेगी। दोनों कंपनियां पहले भी भारत और कुछ अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए एआई आधारित एंटरप्राइज सर्सेल्यूशन विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से काम कर चुकी हैं।

### मुकेश अंबानी ने क्या कहा

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि यह साझेदारी भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। उन्होंने कहा, मेटा जैसी ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए भारत का पहला विशेष एआई डेटा सेंटर बनाना इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक एआई क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। जामनगर भविष्य में हाइपरस्केल एआई कंप्यूटिंग का प्रमुख केंद्र बनेगा।'

संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि कंपनी भारत में अपना पहला एआई-सक्षम डेटा सेंटर स्थापित करने को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा, 'जामनगर में बनने वाली यह विश्वस्तरीय सुविधा हमारी वैश्विक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता को मजबूत करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था में हमारे दीर्घकालिक निवेश को और गहरा बनाएगी।'

### एआई रेस में भारत की बड़ी छलांग

दुनियाभर में एआई तकनीक को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। ऐसे समय में मेटा का भारत में एआई डेटा सेंटर स्थापित करने का फैसला देश को वैश्विक एआई इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति दिला सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आएगा।

# दुबई में घर खरीदना हुआ आसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप यूएई में रहते हैं और दुबई में अपना पहला घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। सरकार ने पहली बार घर खरीदने वालों के लिए एक विशेष योजना शुरू की है, जिसके तहत संपत्ति खरीदना पहले की तुलना में अधिक आसान और किफायती हो गया है।

खबर के मुताबिक दुबई लैंड डिपॉर्टमेंट और अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई। उद्देश्य यूएई निवासियों को घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत घर खरीदारों को विशेष छूट, आसान भुगतान विकल्प और बेहतर होम लोन सुविधाएं मिलती हैं।

जुलाई 2025 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 3,200 से अधिक लोगों ने दुबई में अपना पहला घर खरीदा है। इन लेनदेन का कुल मूल्य 5 अरब दिरहम से अधिक बताया गया है।

पहली बार घर खरीदने वाले लोगों को कई विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। जैसे, नई लॉन्च होने वाली परियोजनाओं में प्राथमिकता। ऑफ-प्लान (निर्माणाधीन) प्रॉपर्टी पर विशेष कीमतें, आसान भुगतान योजनाएं, रजिस्ट्रेशन फीस पर ब्याज-मुक्त किस्तों की सुविधा और कम ब्याज दरों पर होम लोन, बैंकों और डेवलपर्स की अतिरिक्त विशेष ऑफर्स। योजना में दुबई



के 22 बड़े रियल एस्टेट डेवलपर्स शामिल हैं। इनमें एमार, नखील, मेरास, डामैक, अजीजी, डेन्यूब, दुबई प्रॉपर्टीज, एलिंगटन, समाना, अराडा और माजिद अल फुतैम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

योजना में शामिल अमीरात प्रमुख बैंक हैं। ये बैंक विशेष ब्याज दरों और तेज मंजूरी प्रक्रिया के साथ होम फाइनेंस उपलब्ध कराते हैं। इस योजना के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को निम्न शर्तें पूरी करनी होंगी।

यूएई का निवासी होना चाहिए। आयु कम से कम 18 वर्ष हो। दुबई में कोई फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति पहले से न हो। खरीदी जाने वाली संपत्ति का मूल्य 50 लाख दिरहम से कम हो। अगर आपके नाम पर पहले से दुबई में कोई फ्रीहोल्ड संपत्ति है, तो आप इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। हालांकि, यदि आपके पास किसी अन्य अमीरात या दुबई के नॉन-फ्रीहोल्ड रिजन में संपत्ति है, तो आप आवेदन कर सकते हैं।

### क्या कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा

इस योजना में शामिल होने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। हालांकि, संपत्ति खरीदते समय सामान्य रजिस्ट्रेशन शुल्क और बैंक या डेवलपर द्वारा लागू अन्य शुल्क देय होंगे।

# धनबाद-गया रूट पर कवच 4.0 हुआ एक्टिव

## कोहरे और खराब मौसम में भी सरपट दौड़ेंगी ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** यात्री ट्रेन और मालगाड़ियों के अत्यधिक दबाव वाले हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सुरक्षित परिचालन के लिए स्वदेशी कवच सिस्टम में तेजी ला रहा है। धनबाद-गया रेल मार्ग पर सरमाटांड़ से निमियाघाट 76 किमी सेक्शन पर कवच के सुरक्षा घेरे में ट्रेनें चलने लगी हैं।

अगले चरण में निमियाघाट से प्रधानखंता तक कवच लगाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। सितंबर तक निमियाघाट से तेतुलमारी और अक्टूबर तक तेतुलमारी से धनबाद होकर प्रधानखंता तक कवच प्रोजेक्ट पूरा करने का लक्ष्य है।



धनबाद-डीडीयू के बीच 163 रूट किलोमीटर पर कवच 4.0 चालू

रेलवे ने अपने नेटवर्क के तीन सेक्शन में कवच वर्जन 4.0 (ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) के 163 रूट किलोमीटर चालू किए हैं। नए चालू किए गए सेक्शन में धनबाद मंडल के सरमाटांड़ से निमियाघाट 76 किमी तथा डीडीयू मंडल के फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड 43 किमी और सासाराम से फेसर तक 44 किमी सेक्शन शामिल हैं।

एक पटरी पर दो ट्रेन का मिलेगा अलर्ट, लग जाएगा ऑटोमेटिक ब्रेक कवच 4.0 सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) के खिलाफ स्वचालित सुरक्षा प्रदान करेगा और साइड, आमने-सामने और पीछे से होने वाली टक्करों को प्रभावी ढंग से रोकने में मदद करेगा।

इससे निरंतर ओवरस्पीडिंग की निगरानी और नियंत्रण भी संभव होगी। कम दृश्यता और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सुरक्षित संचालन हो सकेगा। गलत दिशा और रिवर्स मूवमेंट के दौरान अलर्ट जारी करेगा। लेवल क्रासिंग गेट के बारे में स्वचालित जानकारी प्रदान करेगा।

## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के जलालगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़बनेली के समीप बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्रेजुएशन की एक छात्रा की मौत हो गई। छात्रा कसबा स्थित कॉलेज से परीक्षा देकर अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी, तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने के दौरान छात्रा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक छात्रा की पहचान जलालगढ़ थाना क्षेत्र के बलुवा निवासी जाहिद हुसैन की 23 वर्षीय पुत्री मेहरीना कौशर (उर्फ माशूका) के रूप में की गई है। मेहरीना कसबा स्थित एम.एन. आर्य कॉलेज में ग्रेजुएशन की छात्रा थी। बुधवार को वह अपने भाई आदिल कौशर के साथ बाइक पर सवार होकर परीक्षा देने कॉलेज गई थी। दोपहर में परीक्षा समाप्त होने के बाद दोनों भाई-बहन वापस अपने घर बलुवा लौट रहे थे।

# बालू उठाव पर 15 अक्टूबर तक रहेगी रोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन व भंडारण की रोकथाम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के सभी प्रखंडों में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया जाए।प्रतिदिन अधिक से अधिक वाहनों की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाए। बिना वैध कागजात के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन व परिवहन करने वालों को चिह्नित करते हुए लगातार कार्रवाई की जाए।अवैध खनन किसी भी परिस्थिति में नहीं होना चाहिए। इस पर पूर्ण नियंत्रण किया जाए। संवेदनशील एवं चिह्नित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए।

बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन वाले क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया। कहा कि चिह्नित क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से नियमित निगरानी की जाए ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

ड्रोन निगरानी के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि एनजीटी के निर्देशों के तहत जिला अंतर्गत सभी नदी बालू घाटों से दस जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक रहेगी।संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अवधि के दौरान बालू के अवैध उठाव व परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## किशोरी ने ब्लेड से खुद को किया लहूलुहान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची थाना क्षेत्र के सब्जी मार्केट में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां बड़े भाई द्वारा मोबाइल फोन छीन लिए जाने से नाराज एक किशोरी ने ब्लेड से अपना हाथ और गला काटकर खुद को घायल कर लिया। घटना के बाद स्वजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में दाखिल कराया गया। किशोरी अत्यधिक समय मोबाइल फोन पर व्यतीत कर रही थी। इसे लेकर बड़े भाई ने उसका मोबाइल अपने पास रख लिया।

किशोरी मोबाइल वापस मांगने की जिद करने लगी। बावजूद उसे मोबाइल नहीं मिली जिसको लेकर भाई-बहन में कहासुनी होने लगी। इस बात से नाराज होकर किशोरी ने आवेश में आकर ब्लेड से अपने हाथ की नस और गले पर वार कर लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलने पर साकची थाना की पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली। कोई मामला नहीं दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद और भावनात्मक आवेश का प्रतीत हो रहा है।

# बस्ती के समीप ओबी डंपिंग का स्थानीय लोगों ने जताया विरोध

### इलाके में तनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झरिया।** घनुडीह चीनकोठी बस्ती से सटे सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार को लेकर उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब बस्ती के समीप ओबी डंपिंग का विरोध कर रहे ग्रामीणों और कंपनी समर्थकों के बीच विवाद हो गया।

देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा आबादी वाले क्षेत्र के समीप ओबी डंप किया जा रहा था। जिसका लंबे समय से विरोध किया जा रहा है। विरोध के दौरान कथित तौर पर करीब 30 लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इस झड़प में कई लोग जख्मी हुए। ग्रामीण सुनील कुमार मंडल ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई। जिससे उनका हाथ टूट गया।

उन्होंने यह भी दावा किया कि विरोध को दबाने और लोगों को डराने के लिए फायरिंग की गई। घटना की सूचना मिलते ही मेयर संजीव सिंह और घनुडीह ओपी प्रभारी पंकज कुमार मौके पर पहुंचे तथा प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

मेयर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कराने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेयर संजीव सिंह ने कहा कि यदि ग्रामीणों की स्पष्ट आपत्ति के बावजूद बस्ती के समीप ओबी डंपिंग की जा रही है और विरोध करने वालों के साथ मारपीट व फायरिंग जैसी घटनाओं की शिकायतें मिल रही हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है।उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासन, कंपनी प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच उच्चस्तरीय बैठक कर समाधान नहीं निकाला जाता तब तक विवादित स्थल पर ओबी डंपिंग या किसी भी नए कार्य की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

मेयर ने यह भी दोहराया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। दूसरी ओर, ग्रामीणों ने कंपनी पर अवैध तरीके से ओबी डंपिंग करने और विरोध करने वालों को बलपूर्वक दबाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और सभी पक्षों से पूछताछ कर घटना की वास्तविकता का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### एसी लाउंज जल्द

पटना। राजधानी की भीषण गर्मी में दिन-रात सड़कों पर काम करने वाले गिग वर्कर्स को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। नगर निगम शहर में दो एसी लाउंज शुरू करने जा रहा है, जहां डिलिवरी ब्वाय, कूरियर कर्मी, आटो व बाइक राइडर्स के साथ आम लोग भी आराम कर सकेंगे।

इन लाउंज को 15 जून से शुरू करने की तैयारी है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देश पर यह पहल की गई है। निर्माण कार्य पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से कराया जा रहा है। शहर के गांधी मैदान गेट नंबर-4 और इनकम टैक्स गोलंबर के पास इन आश्रय स्थलों को तैयार किया जा रहा है। दोनों लाउंज का मुख्य ढांचा लगभग तैयार हो चुका है और फिलहाल फिनिशिंग का काम चल रहा है।

## कोयला कंपनी की गाड़ी ने मजदूर को रौंदा, जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित जबड़ा नो एंट्री चेकनाका के समीप मंगलवार की देर रात एक मोटर साइकिल सवार को कोल वाहन ने रौंद डाला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक कोल वाहन लेकर फरार हो गया। आनन फानन में इस घटना की सूचना सिमरिया पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर सिमरिया पुलिस दल बल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर वहां से ले आई। जानकारी के अनुसार जबड़ा पंचायत अंतर्गत संदली गांव निवासी प्रदीप बाखला, पिता स्वर्गीय सोहर बाखला मजदूरी का काम कर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी नो एंट्री चेकनाका के समीप वह एक कोल वाहन के चपेट में आ गया। जहां उसकी मौत मौके पर ही हो गई।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय प्रशासन, कोल ट्रांसपोर्टिंग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार इस प्रकार हो रहे सड़क दुर्घटना के बावजूद मौन रहने एवं मृतक के परिजनों को उचित क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

# अब शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ेंगे दिव्यांग बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** राज्य का कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसे लेकर राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं।उन्होंने अधिकारियों को समग्र शिक्षा के तहत डहर पोर्टल के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण में विद्यालय से बाहर चिह्नित दिव्यांग बच्चों को विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ने को कहा है। प्रबंध 2026-27 के आंकड़ों के अनुसार, जिले में छह से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को चिह्नित किया गया है। जिनमें 6-14 वर्ष के कुल 707 बच्चे हैं।

इनमें 680 बच्चों का नामांकन नहीं हुआ है तथा 27 बच्चे ड्रॉप आउट हो गए हैं। वहीं, 14-18 वर्ष के कुल 505 दिव्यांग बच्चे हैं। इनमें 435 बच्चों का नामांकन नहीं हुआ है तथा 70 बच्चे ड्रॉप आउट हैं।

साथ ही डहर 2.0 पोर्टल के रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6-18 वर्ष के 47 वैसे दिव्यांग बच्चे भी हैं जो स्कूल से बाहर हैं। उनके लिए एक घर पर आधारित शिक्षा की व्यवस्था करने की आवश्यकता दशार्यी गयी है।

जिले के पतना प्रखंड के सबसे अधिक 12 तथा सबसे कम मंडरो प्रखंड के एक दिव्यांग बच्चे वैसे हैं जिनका विद्यालय में नामांकन नहीं हुआ या ड्रॉप आउट हो गए हैं। बच्चों को समावेशी शिक्षा के तहत परिवहन भत्ता, एस्कार्ट भत्ता, रीडर भत्ता आदि योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालयों में बाधारहित वातावरण जैसे -रैम्प, हैंडरेल, सुगम्य शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

चिह्नित दिव्यांग बच्चों को आवश्यकतानुसार विशेष प्रशिक्षण/ब्रिज कोर्स संचालित कराया जाएगा।

गम्भीर एवं बहु-दिव्यांगता वाले 140 बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के तहत रिसोर्स शिक्षकों के जरिये गृह आधारित शिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति की समीक्षा होगी। विद्यालय में बच्चों के लिए समावेशी एवं सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभिभावकों के साथ बैठक कर जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

### शांति इंसान के भीतर मौजूद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** बड़ी मस्जिद के पास रवि भूषण के दलान में अंतरराष्ट्रीय शांति दूत प्रेम रावत जी का प्रोग्राम चलाया गया जिसमें लगभग 70 लोगों ने भाग लिया और संदेश शांतिपूर्वक सुना और समझा। प्रेम रावत एक विश्व विख्यात आध्यात्मिक वक्त और लेखक हैं उनका मुख्य संदेश है की आंतरिक शांति हर इंसान के भीतर मौजूद है और इसे बाहरी दुनिया में नहीं बल्कि खुद में महसूस किया जा सकता है।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक लापताा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** थाना क्षेत्र के चोपलवा गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इस दौरान उसके साथ मौजूद एक साथी भी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। आरोप है कि ग्रामीणों ने दोनों की जमकर पिटाई की। यह भी चर्चा है कि युवक को अधमरा कर कन्हैडीह डैम में फेंक दिया गया। इस मामले में युवक की बहन आरती हांसदा ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

सूचना मिलने पर पुलिस युवक के साथी को साथ लेकर कन्हैडीह डैम पहुंची और शव की तलाश की, लेकिन देर शाम तक कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रभारी थानाध्यक्ष अनुरुद्ध कुमार ने बताया कि डैम में शव की खोज के लिए एसडीआरएफ को सूचना दे दी गई है।

वहीं, पुलिस ने पूछताछ के लिए लड़की और लड़के के पिता को हिरासत में लिया है। प्रेमी की पहचान बांका जिले के चंदन थाना क्षेत्र अंतर्गत चतराहन गांव निवासी प्रेमील हांसदा के 18 वर्षीय पुत्र छोटेलाल हांसदा के रूप में हुई है। वहीं, युवती चोपलवा गांव की बताई जा रही है।

## मानसून के पूर्व स्कूल, कालेजों के आसपास जलजमाव की अब नहीं होगी समस्या

# नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आगामी मानसून के दौरान स्कूलों और कालेजों के आसपास जलजमाव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया है।

इसके तहत निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों और कालेजों के एप्रोच रोड के 500 मीटर दायरे में स्थित नालियों की व्यापक सफाई कराई जाएगी, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

अभियान के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए अपर नगर आयुक्त ने निगम के चारों जोन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया है। इन टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी स्कूलों और कालेजों का सर्वेक्षण कर नालियों की सफाई, सिल्ट हटाने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया गया है।

### अपर नगर आयुक्त ने निगम के चारों जोन के लिए टीमों का किया गठन



नगर निगम ने संबंधित स्वच्छता अधीक्षकों और स्वच्छता समन्वयकों को निर्देश दिया है कि मानसून पूर्व सभी शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित नालियों की शत-प्रतिशत सफाई की जाए।

नालियों से निकाली गई सिल्ट का अगले ही दिन उठाव किया जाएगा तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए संबंधित स्थलों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया जाएगा। सफाई कार्य के दौरान हटाए गए स्लैब को तत्काल पुन स्थापित करने तथा जहां स्लैब उपलब्ध नहीं हैं वहां नए स्लैब लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के लिए सुपर सकर, जेसीबी और डिसिल्टिंग मशीन समेत आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी की जा रही है। नगर निगम का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य बारिश के मौसम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों को सुरक्षित और बाधारहित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# 93 दिनों से जारी हड़ताल से विकास कार्य ठप

### गांवों में गहराया रोजगार का संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली मनरेगा योजना जिले में गंभीर संकट से गुजर रही है। मनरेगा कर्मियों की 93 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल ने विकास कार्यों की पूरी रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है।

पंचायत स्तर पर कामकाज पूरी तरह ठप है, योजनाओं की फाइलें लंबित पड़ी हैं और गांवों में रोजगार की आस लगाए बैठे मजदूर निराश होकर लौटने को मजबूर हैं। इसका सीधा असर गांवों की अर्थव्यवस्था और विकास योजनाओं की प्रगति पर साफ दिखाई दे रहा है।

सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण और वेतन संरचना में समानता की मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले जिलेभर के कर्मी लगातार आंदोलनरत हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट के समीप धरना देकर कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। संघ का आरोप है कि वर्षों से अल्प मानदेय और असुरक्षित सेवा शर्तों के बीच कार्य करने के बावजूद उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। हड़ताल के कारण मस्टर




रोल जारी करने, मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने, तकनीकी स्वीकृति, भुगतान प्रक्रिया और योजनाओं की निगरानी जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह बाधित हो गए हैं। इसका असर जिले की प्रमुख योजनाओं दीदी बाड़ी, आबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप, बागवानी, जल संरक्षण और मिट्टीकरण पर भी पड़ा है, जहां कई कार्य ठप या अधूरे पड़े हैं।

आंकड़ों के अनुसार जिले में मनरेगा के तहत 99,847 सक्रिय मजदूर पंजीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 7,845 मजदूरों को ही रोजगार मिल पा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मई तक 5,84,973 मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध अब तक केवल 1,39,663 मानव दिवस ही सृजित हो सके हैं, जो मात्र 23.88 प्रतिशत है।

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गांवों की विकास धुरी है, जो लंबे गतिरोध के कारण पूरी तरह प्रभावित है। अब सभी की निगाहें सरकार और आंदोलनरत कर्मियों के बीच समाधान की दिशा में होने वाली पहल पर टिकी हैं।

## तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा थाना क्षेत्र की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुलाडीह गांव के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपितों ने महिला को बहलाया-फुसलाया और काशीडीह स्थित पलास जंगल के समीप ले गए और ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीणों की नजर जब उनपर पड़ी तो ग्रामीणों ने मामले की जानकारी जामताड़ा थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जामताड़ा टाउन थाने की पुलिस ने तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर थाना ले आई।

बाद में पीड़िता के बयान पर जामताड़ा टाउन थाने में आरोपितों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दुलाडीह गांव निवासी नरेश महतो, निवास महतो और बीलू महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में जामताड़ा टाउन थाने में केस दर्ज किया है। तीनों आरोपियों को फिलहाल हवालात में रखा गया है।

# गर्मी से जल्द राहत मिलने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे बिहार एवं झारखंड के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन गई हैं। इसके प्रभाव से इन राज्यों में वर्षा गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरीय मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के शेष भागों के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य एवं उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

इसी दौरान पश्चिम बंगाल के कुछ और हिस्सों के अलावा बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में भी मानसून के पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि कुछ इलाकों में तेज बारिश की भी संभावना बनी हुई है। बारिश शुरू होने से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही किसानों के लिए खरीफ फसलों की बुआई का अनुकूल समय भी शुरू हो सकेगा, जिससे कृषि कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के आगमन के दौरान कई स्थानों पर तेज हवाएं, वज्रपात और भारी वर्षा जैसी परिस्थितियां भी बन सकती हैं। ऐसे में लोगों को मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान और चेतावनियों पर नजर रखने तथा खराब मौसम के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### पार्किंग में अवैध वसूली का आरोप

सीतामढ़ी। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पार्किंग में कथित अवैध वसूली और भारी अव्यवस्थाओं को लेकर ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक संघ ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। संघ के जिला अध्यक्ष दीपलाल दास के नेतृत्व में चालकों ने मंडल रेल प्रबंधक , समस्तीपुर को एक ज्ञापन सौंपा है।

इस ज्ञापन के जरिए पार्किंग में हो रही मनमानी वसूली पर तुरंत रोक लगाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

ऑटो-ई रिक्शा चालक संघ का आरोप है कि स्टेशन पार्किंग का संचालन कर रही सृष्टि इंटरप्राइजेज द्वारा चालकों से निर्धारित शुल्क से कहीं ज्यादा रकम वसूली जा रही है। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि पहले चार्जिंग और पार्किंग के नाम पर 30 रुपये लिए जाते थे, लेकिन अब दबंगई के बल पर 50 रुपये वसूले जा रहे हैं।

आरोप यह भी है कि जब भी कोई चालक इस अतिरिक्त और नाजायज राशि का विरोध करता है, तो पार्किंग कर्मियों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। इस तानाशाही रवैये के कारण स्थानीय चालकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

फीफा वर्ल्ड कप

## अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

- चोट से उबरने के बाद मेसी का शानदार प्रदर्शन

**अलबामा** । फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से पहले आखिरी वॉर्म-अप मुकाबले में अर्जेंटीना ने आइसलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौटे लियोनेल मेसी भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने एक गोल किया। एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलते हुए आइसलैंड ने मैच की शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया और कुछ मौके भी बनाए। मिकेल एलर्टसन के पास गोल करने का अच्छा अवसर था, लेकिन वह हाथ आए इस मौके को भुनाने में नाकाम रहे। यह मौका बाद में




मैच का अहम मोड़ साबित हुआ। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर पकड़ बनाई। आठवें मिनट में वैलेंटिन बार्को ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर पहला गोल किया और टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। पहले हाफ में अर्जेंटीना ने लगातार आइसलैंड की डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन और गोल नहीं कर सका। हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 रहा। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना के कोच ने कई बड़े बदलाव किए। एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज और लुटारो मार्टिनेज को सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतारा गया। इन खिलाड़ियों के आने से टीम का आक्रमण और मजबूत हो गया।

## राइट-बैक की पोजीशन पर खेलने को तैयार इबानेज

- बोले- देश का प्रतिनिधित्व करना बड़ी बात

**नई दिल्ली** । ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए तैयार हैं। ब्राजील



की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं। देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ी बात है।'

# भारतीय टीम की बढ़ी मुश्किलें

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इंजरी की वजह से वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, हार्दिक के पैर में निगल (हल्की चोट) है, जिसके कारण उनका वनडे सीरीज में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। आईपीएल 2026 के दौरान पीठ में ऐंठन की वजह से हार्दिक मुंबई इंडियंस की ओर से कुछ मुकाबले खेलते नजर नहीं आए थे। हार्दिक 2 जून से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मौजूद थे। माना जा रहा था कि हार्दिक को वनडे सीरीज खेलने के लिए सीओई की तरफ से हरी झंडी मिल जाएगी। हार्दिक सीओई में फिटनेस टेस्ट के दौरान पूरी तरह से फिट नजर आए थे। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने के साथ-साथ फील्डिंग ड्रिल्स में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, यह निगल उन्हें हाल ही में हुआ है, जिसके कारण उनका 13 जून से शुरू हो रही वनडे सीरीज में खेल पाना मुश्किल




नजर आ रहा है। सूत्रों ने 'आईएएनएस' को बताया, 'हार्दिक पांड्या को सीओई ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब पता चला है कि उनके पैर में हल्की चोट लग गई है और उन्हें रिकवरी में कुछ हफ्ते लगेंगे।

सूत्र ने आगे कहा, 'इसका मतलब है कि वह अब वनडे सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हो पाएंगे और सीओई में अपने रिहैब पर ध्यान देंगे।' हार्दिक अगर इस सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं होंगे, तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका हो सकता है। बल्लेबाजी के साथ-साथ हार्दिक गेंदबाजी भी करते हैं। हार्दिक 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं।

हार्दिक ने अपना आखिरी वनडे मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला था। इसके बाद से उन्होंने कोई भी एकदिवसीय मुकाबला नहीं खेला है। हार्दिक का यह इंतजार और भी लंबा हो गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज तक फिट हो पाते हैं या नहीं। हार्दिक से पहले विराट कोहली भी हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो चुके हैं। कोहली के स्थान पर यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

## विमेंस टी20 वर्ल्ड इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कई टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई है। आइए, टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाली टीमों के बारे में जानते हैं।

- **114 रन :** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर है, जिसने 21 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के विरुद्ध केपटाउन में 114 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 5 विकेट खोकर 213 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान निर्धारित ओवरों में 99/9 का स्कोर ही बना सका।
- **113 रन :** साउथ अफ्रीका ने 28 फरवरी 2020 को कैनबरा में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 113 रन के अंतर से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने सलामी बल्लेबाज लिजेली ली (101) के शतक के दम पर 195/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके बाद थाईलैंड को 19.1 ओवरों में महज 82 रन पर समेट दिया।
- **102 रन :** इस लिस्ट में न्यूजीलैंड तीसरे पायदान पर है, जिसने 19 फरवरी 2023 को पार्ल में श्रीलंका के विरुद्ध 102 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सूजी बेट्स (56) और अमेलिया केर (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 162/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 15.5 ओवरों में महज 60 रन पर सिमट गई।
- **98 रन :** इंग्लैंड ने 26 फरवरी 2020 को थाईलैंड के खिलाफ 98 रन से जीत हासिल की थी। कैनबरा में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने नैट साइवर-ब्रंट (नाबाद 59) और कप्तान हीथर नाइट (नाबाद 108) के बीच अटूट 169 रन की साझेदारी के साथ 176/2 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में थाईलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 78 रन ही बना सकी।

महिला टी20 विश्व कप

# ये 5 गेंदबाज कर सकती हैं दमदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप के 10वें संस्करण का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। आइए आपको उन पांच गेंदबाजों के नाम बताते हैं, जो इस मेगा इवेंट में अपनी टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।

- **एनाबेल सदरलैंड :** भले ही सदरलैंड को ऑस्ट्रेलिया की ओर से ज्यादा कामयाबी टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में मिली हो, लेकिन वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भी कारगर साबित हुई है। सदरलैंड का प्रदर्शन पिछले टी20 विश्व कप में कमाल का रहा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए थे और वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं। 26 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेले 85 टी20 मुकाबलों में 53 विकेट निकाल चुकी हैं, जबकि वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।
- **चार्ली डीन :** इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाज चार्ली डीन अपनी घूमती गेंदों से बल्लेबाजों को खासा तंग कर सकती हैं। डीन इंग्लैंड की ओर से खेले 51 टी20 मुकाबलों में 67 विकेट निकाल चुकी हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी 6.90 का रहा है। विकेट निकालने के साथ-साथ डीन रनों पर अंकुश लगाने के लिए भी जानी जाती हैं। यही वजह है कि इस विश्व कप में उनका प्रदर्शन इंग्लैंड के लिए काफी मायने रखेगा।
- **दीप्ति शर्मा** भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा बड़े मुकाबलों की खिलाड़ी हैं और अहम मैचों में वह दमदार प्रदर्शन करने की काबिलियत रखती हैं। 144 टी20 मुकाबलों के अपने करियर में वह 64 विकेट निकाल चुकी हैं। दीप्ति बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने का हुनर बखूबी जानती हैं। दीप्ति अपनी गेंदबाजी से किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखती हैं। वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।
- **अमेलिया केर :** न्यूजीलैंड टीम की कप्तान अमेलिया केर के प्रदर्शन पर इस टी20 विश्व कप में हर किसी की निगाहें रहने वाली हैं। अमेलिया के लिए यह साल गेंद और बल्ले दोनों से शानदार गुजरा है। वह 11 मुकाबलों में 6.02 की इकोनॉमी से 11 विकेट निकाल चुकी हैं। अपनी घूमती गेंदों के दम पर वह कीवी टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।
- **शबनम इस्माइल :** रिटायरमेंट से वापस लौटने वाली शबनम इस्माइल टी20 विश्व कप 2026 में साउथ अफ्रीका के लिए वरदान साबित हो सकती हैं। इस्माइल अपनी रफ्तार के दम पर बल्लेबाजों को शुरुआती ओवरों में खासा तंग करने के लिए जानी जाती हैं। इस्माइल को इंग्लैंड की परिस्थितियां खूब रास आएंगी और रफ्तार के साथ-साथ हवा में स्विंग करती हुई उनकी गेंदें किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती हैं।



# वनडे विश्व कप की तरह टी20 विश्व कप भी जीते भारतीय टीम: वस्त्रकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे अनुभवी ऑल-राउंडर में से एक, पूजा वस्त्रकार का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में विराट कोहली के साथ अचानक मुलाकात के दौरान वह नर्वस हो गई थीं और इस वजह से वह उनसे बात नहीं कर पाईं। विमेंस प्रीमियर लीग में आरसीबी की तरफ से खेलने वाली और मौजूदा समय में मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग टी20 (एमपीएल टी20) में चंबल घड़ियाल की कप्तानी कर रही पूजा वस्त्रकार ने मीडिया के साथ खास बातचीत में बताया, 'मैं विराट से दक्षिण अफ्रीका में मिली थी, लेकिन मैंने उनसे बात नहीं की। हम एयरपोर्ट पर थे। मुझे लगा कि वह व्यस्त हैं। शायद मैं नर्वस थी, इसलिए मैंने उनसे बात नहीं की। अगर आप एनसीए (बीसीसीआई सीओई) जाते हैं, तो आप वहां सभी खिलाड़ियों से मिलते हैं। वहां कोच होते हैं। हमारी टीम में बहुत सारे सीनियर खिलाड़ी हैं। वे छोटी-छोटी चीजों में हमारी मदद करते हैं। इसलिए, मैंने उनसे उस लेवल पर बात नहीं की।'



एमपीएल टी20 के बारे में पूजा ने कहा, 'लड़कियों के लिए यह प्लेटफॉर्म बहुत बड़ा है। जब उन्हें प्लेटफॉर्म मिलता है, तो उन्हें अपनी स्किल्स दिखाने का मौका मिलता है। जब इस तरह का कोई टूर्नामेंट होता है, तो सभी स्काउट मेंबर्स शामिल होते हैं, और उनकी नजर खिलाड़ियों पर होती है। मुझे लगता है कि उन्हें भी पता है कि यह खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है और वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' भविष्य के संभावित खिलाड़ी अन्य खिलाड़ियों से कैसे अलग होते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अनुशासन बहुत जरूरी है। बहुत से लोग कड़ी मेहनत करते हैं, बहुत से लोगों में प्रतिभा होती है। अनुशासन का अर्थ यह हुआ कि अगर आप एक ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, तो सभी 6 गेंद कप्तान के मुताबिक डालें।

# आईटीएफ रैंकिंग: अंडर-13 टेनिस में वर्ल्ड नंबर 1 बनीं सृष्टि किरण

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** इंटरनेशनल जूनियर टेनिस सर्किट में अपनी चमक बिखेरते हुए बेंगलुरु की 13 वर्षीय सृष्टि किरण अंडर-13 आयु वर्ग की रैंकिंग में 'वर्ल्ड नंबर 1' बन गई हैं। यह उपलब्धि उनके शानदार प्रदर्शन का नतीजा है, जिसमें सृष्टि ने लगातार पांच आईटीएफ जूनियर खिताब जीते और पिछले हफ्ते आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे100 ग्वाटेमाला में रनर-अप रहीं। सृष्टि किरण के बेहतरीन प्रदर्शन और सफलता ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ आईटीएफ जूनियर रैंकिंग (नंबर 357) तक पहुंचाया, जिससे वह अंडर-13 कैटेगरी में दुनिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी बन गईं। सृष्टि ने यह मुकाम सिर्फ आठ रैंकिंग इवेंट्स में हिस्सा लेकर हासिल किया, जबकि रैंकिंग की गणना ज्यादा से ज्यादा 10 टूर्नामेंट्स के आधार पर की जाती है। वह आर्थिक और लॉजिस्टिकल दिक्कतों की वजह से 2 इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले सकी थीं। अपने कई करीबी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में 2 कम टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने के बावजूद, युवा भारतीय खिलाड़ी अंडर-13 आयु वर्ग में 'वर्ल्ड नंबर 1' बनीं।




सृष्टि का अंतरराष्ट्रीय सफर यूरोप में जारी रहेगा। अगर उन्हें मेन ड्रॉ में एंट्री मिलती है, तो उनके यूनाइटेड किंगडम में जे300 इवेंट में खेलने की उम्मीद है। इसे सर्किट के प्रमुख जूनियर टूर्नामेंट्स में से एक और प्रतिष्ठित विंबलडन जूनियर चैंपियनशिप से पहले का एक अहम इवेंट माना जाता है। सृष्टि अभी ग्रास-कोर्ट सीजन की तैयारी कर रही हैं।

इस उपलब्धि पर सृष्टि ने कहा, 'मैं अपने आयु वर्ग में वर्ल्ड नंबर 1 बनकर बहुत खुश हूं। साल की शुरुआत में मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था, लेकिन मेरे कोच, परिवार और सपोर्ट टीम के साथ की गई कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। पिछले कुछ हफ्ते बहुत खास रहे हैं। लगातार पांच खिताब जीतना और फिर एक और फाइनल में पहुंचना, इससे मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है।

एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

# साहिबजादा को सौंपी गई कप्तानी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। साहिबजादा फरहान को इस टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, अब्दुल समद को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 15 सदस्यों वाली टीम में चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल में एक भी मुकाबला नहीं खेला है। ये खिलाड़ी आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद हैं। पाकिस्तान की ओर से 46 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके फरहान ने अब तक किसी भी सफेद गेंद के फॉर्मेट में



टीम की कप्तानी नहीं की है। वहीं, अब्दुल समद ने पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ 5 टी20 मुकाबले खेले हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा रहे थे।

### एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का स्क्वॉड

साहिबजादा फरहान (कप्तान), अब्दुल समद (उपकप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, आकिफ जावेद, अली रजा, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसन नवाज, माज सदाकत, मोहम्मद सलमान मिर्जा, साद मसूद, सैम अयूब, सुफयान मोकिम और उस्मान खान (विकेटकीपर)।

# लॉर्ड्स और गद्दाफी स्टेडियम की पिचों से नाखुश आईसीसी, डिमेरिट प्वाइंट दिए

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने लंदन के लॉर्ड्स और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम को एक-एक डिमेरिट प्वाइंट दिया है। यह कार्रवाई मैच रेफरी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। ये रिपोर्ट लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल के पहले टेस्ट और लाहौर में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे वनडे के बाद सौंपी गई थीं। दोनों वेन्यू को एक-एक डिमेरिट प्वाइंट मिला है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि इन दोनों मैदानों पर पहले कोई डिमेरिट प्वाइंट नहीं था। संबंधित रिपोर्ट इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भेज दी गई हैं। अब उनके पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। आईसीसी ने हाल ही में इंटरनेशनल मुकाबलों में इस्तेमाल की गई पिचों को पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रोसेस के तहत 'असंतोषजनक' माना था।



लॉर्ड्स में चिंता का मुख्य कारण टेस्ट मैच के दौरान गेंदबाजों को मिली बहुत ज्यादा मदद थी, जहां तीसरे दिन बारिश की वजह से रुकावट के बावजूद मैच चार दिन के अंदर ही खत्म हो गया। मैच के शुरुआती दो दिनों में ही कुल 33 विकेट गिर गए थे।

# दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, लूट-चोरी की कई वारदातों में संलिप्तता कबूली

## करसो पुल हत्याकांड का खुलासा : बरही एसडीपीओ ने दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो पुल के समीप हुए चर्चित हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ के दौरान हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने के साथ-साथ पूर्व में हुई कई लूट, चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में भी अपनी भूमिका स्वीकार की है। जानकारी के अनुसार 8 जून 2026 को हजारीबाग निवासी विक्की कुमार सोनी (पिता स्व. देवनंदन प्रसाद), निवासी ओकनी, थाना लोहसिंघना, अपने एक मित्र के साथ कार से कोडरमा जा रहे थे। इसी दौरान बरही थाना क्षेत्र के करसो पुल के



पास अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मामले की गहन जांच की। जांच के क्रम में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम कुमार (25 वर्ष), पिता विजय साव, ग्राम नारदीगंज, थाना नारदीगंज, जिला नवादा (बिहार) तथा दिलीप कुमार (25 वर्ष), पिता केशर चौधरी, ग्राम चंदा खुर्द, थाना वजीरगंज, जिला गया (बिहार) शामिल हैं। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में हत्या की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किए हैं। साथ ही मृतक की हुंडई कार को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। दिलीप कुमार के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में पूर्व से कांड दर्ज हैं। वहीं विक्रम कुमार पर भी मारपीट, हत्या के प्रयास और अन्य संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने हजारीबाग सहित अन्य जिलों में हुई कई लूट, चोरी और आपराधिक घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह, राजबल्लभ यादव, राजेश भोक्ता, बरही थाना के सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा हजारीबाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा संगठित अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सीईआईआर पोर्टल से बरामद मोबाइल सही उपभोक्ता को सौंपा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** बुधवार को बरही पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से एक और गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उसके सही उपयोगकर्ता को सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलने पर उपभोक्ता ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एक मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक उपयोगकर्ता को विधिवत सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरही पुलिस अब तक चार उपभोक्ताओं के गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उन्हें वापस सौंपने में सफल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं तथा नजदीकी थाना को भी इसकी सूचना दें, ताकि मोबाइल की बरामदगी की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। इंस्पेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

# विधायक ने किया अस्पताल उन्नयन कार्य का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही को बुधवार को दो बड़ी सौगातें मिलीं। विधायक मनोज कुमार यादव ने सर्वप्रथम अस्पताल परिसर में स्थापित बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) का उद्घाटन किया। इसके शुरू होने से अब अनुमंडलीय अस्पताल में 60 विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके बाद विधायक ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत 1.45 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले अस्पताल उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। इस योजना के तहत अस्पताल परिसर में कैंटीन, पार्किंग, योगा शेड, पेवर्स ब्लॉक सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का निर्माण तथा मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी आवश्यक संसाधनों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रंजीत चंद्रवंशी, भगवान केसरी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमशेर आलम, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, बालेश्वर यादव, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र रजक, परमेश्वर यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

# जन समाधान में विधवा महिला को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जन समाधान कार्यक्रम के तहत समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान आमजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से उपायुक्त को अवगत कराया, जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जन समाधान कार्यक्रम के दौरान मेदिनीनगर के हमीदगंज से आयी माया कुमारी सिन्हा ने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2021 में कोरोना के कारण उनके पति का निधन हो



गया था। उनके परिवार में अब कोई पुरुष सदस्य नहीं है तथा उनकी एक छोटी बच्ची है, जिसके पालन-पोषण में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की विधवा पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए कई बार आवेदन किया गया, लेकिन हर बार किसी न किसी त्रुटि के कारण आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि पेंशन का लाभ मिल जाता तो आर्थिक परेशानियों से कुछ राहत मिलती। माया कुमारी सिन्हा की समस्या सुनने के बाद उपायुक्त श्री शेखावत ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को तत्काल इस मामले के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद जनता दरबार में ही ऑन स्पॉट माया कुमारी सिन्हा की विधवा पेंशन स्वीकृत कर दी गयी। मौके पर ही महिला को स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। उपायुक्त की इस त्वरित कार्रवाई से महिला ने राहत महसूस करते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उपरोक्त के अतिरिक्त जन समाधान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता रोकने, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास दिये जाने, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गये।

# जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि कुछ प्रखंडों में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए अब तक भूमि का चयन नहीं किया गया है। उन्होंने संबंधित बीडीओ को भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही वेस्ट




एवं सेनिटेशन पार्क निर्माण के लिए 5 से 10 डेसिमल भूमि का अविलंब चिन्हितीकरण करने को कहा। उन्होंने ऐसे स्थलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया जहां पहले से कचरा डंप किया जाता रहा है। बैठक में हर घर जल सर्टिफिकेशन एवं हैंडओवर कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी बीडीओ को मुखिया और कनीय अभियंताओं के साथ बैठक कर बाधाओं की पहचान करने तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया सिंगल विलेज स्कीम के तहत संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हैंडओवर प्रक्रिया में तेजी लाने और सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की निगरानी करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सीट कटौती के विरोध में छात्रों का उग्र प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर, (पलामू)।** आजसू छात्र संघ के नेतृत्व में आज जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में नामांकन हेतु निर्धारित सीटों में की गई कटौती के विरोध में जोरदार आंदोलन किया गया। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बिना किसी स्पष्ट कारण के विभिन्न विषयों में नामांकन सीटों में कटौती कर दी गई है, जिससे हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। इसी के विरोध में आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने महाविद्यालय परिसर पहुंचकर प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मियों को बाहर निकालते हुए मुख्य प्रवेश द्वार पर तालाबंदी कर दी। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक राज ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीट कटौती का निर्णय छात्र विरोधी है और इससे गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना टूट जाएगा। आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय प्रभारी राणा हिमांशु सिंह ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन को पूर्व में भी ज्ञापन सौंपकर सीटों को पूर्ववत रखने की मांग की गई थी, लेकिन प्रशासन द्वारा छात्रों की मांगों की लगातार उपेक्षा की गई। मजबूर होकर छात्रों को आंदोलन एवं तालाबंदी का रास्ता अपनाना पड़ा।जे एस कॉलेज अध्यक्ष अक्षत सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब सीट कटौती के निर्णय को वापस नहीं लिया गया और पूर्व की भांति नामांकन सीटें बहाल नहीं की गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। रजिस्ट्रार से प्राचार्य ने वार्ता कर छात्रों को आश्वस्त करने का प्रयास किया मगर छात्र लिखित आश्वाशन की मांग पर अड़े रहे।

# भगैया के रेशम उद्योग से रूबरू हुईं महिलाएं, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** 'स्वावलंबी साड़ी संगम' परियोजना के तहत आइडिया संस्था द्वारा गोड्डा जिले के प्रसिद्ध रेशम उत्पादन क्षेत्र भगैया में दूसरे एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं ने रेशम साड़ी निर्माण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझ आइडिया संस्था की प्रोग्राम डायरेक्टर खुशी शर्मा ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं के ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक समझ का विकास करना है, ताकि वे सफल आजीविका मॉडल से प्रेरणा लेकर




स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जमुआ प्रखंड की बेरहाबाद पंचायत की 90 महिलाओं को जल्द ही साड़ी निर्माण का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने रेशम धागा तैयार करने, रंगाई, छपाई, बुनाई और साड़ी निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। साथ ही स्थानीय स्तर पर संचालित सफल रेशम उद्योग इकाइयों का दौरा कर उद्यमिता और स्वरोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। खुशी शर्मा ने कहा कि ऐसे एक्सपोज़र विज़िट प्रतिभागियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी और अपने परिवार व समुदाय के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी कार्यक्रम के दौरान गणेश पीस फाउंडेशन की प्रियंका कुमारी और गौरव कुमार ने महिलाओं को रेशम साड़ी निर्माण, विपणन और स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर नीलम देवी, हसीना खातून, सोनी कुमारी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, कुसुम देवी, मीना देवी, अनिता देवी, यशोदा देवी, चंपा देवी, हेमंती देवी सहित स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका सखी मंडल की कई महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त करने और भविष्य में स्वयं का साड़ी निर्माण उद्यम स्थापित करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। आइडिया संस्था ने भविष्य में भी महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और समुदाय आधारित आजीविका संवर्धन के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

# बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़े आम उत्पादकों को बाजार से जोड़ने की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम उत्पादकों, एफपीओ, खरीदारों एवं संबंधित हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को डीआरडीए सभागार में बायर-सेलर मीट सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने की कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले में बड़े पैमाने पर आम बागवानी विकसित की गई है। वर्तमान में जेएसएलपीएस से जुड़ी करीब 3100 महिला लाभुक आम उत्पादन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। यह योजना न केवल जिले के



हरित आवरण को बढ़ाने में सहायक साबित हुई है, बल्कि ग्रामीण परिवारों के लिए स्थायी आय का स्रोत भी बनी है उन्होंने कहा कि किसानों और महिला लाभुकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। बायर-सेलर मीट का उद्देश्य उत्पादकों और खरीदारों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना है, ताकि बिचौलियों की भूमिका कम हो और किसानों को बेहतर बाजार एवं उचित मूल्य मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित आमों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में आम की गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता और विपणन संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया, जिसकी खरीदारों और आगंतुकों ने सराहना की।बैठक में आम की खरीद बिक्री, गुणवत्ता, पैकेजिंग, परिवहन तथा बाजार विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही उत्पादकों को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन और विपणन रणनीति अपनाने संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आम बागवानी ने उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें नए खरीदारों से जुड़ने और अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

## विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के 50 शिक्षक बीएचयू में लेंगे प्रशिक्षण : कुलपति

**चतरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आने वाला समय विकसित भारत 2047 एआई का होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा भी गुरु शिष्य संवाद से प्रारंभ हुई है। आने वाले समय में 1 लाख छात्र छात्राओं को ए आई का प्रशिक्षण देने पर कार्य किया जाएगा। संकाय विकास कार्यक्रम के दूसरे चरण में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के 50 शिक्षकों को चयनित कर बीएचयू प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ध चंद्र भूषण शर्मा ने आज चतरा महिला महाविद्यालय में 7 दिवसीय एफडीपी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी और विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय एफडीपी महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा था जिसका आज समापन हो गया। महिला महाविद्यालय चतरा में 4 जून से संचालित इस संकाय विकास कार्यक्रम में बीएचयू के प्राध्यापकों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और ए आई पर 60 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। समापन दिवस के प्रथम सत्र में आज मुख्य वक्ता प्रो आशीष श्रीवास्तव ने संबोधित किया। एफडीपी के विश्वविद्यालय संयोजक डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा भी समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पूजा-अर्चना

### विकसित भारत के लिए मांगा आशीर्वाद

**की गई देश की उन्नति की कामना**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भाजपा नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा (सिंकु) के नेतृत्व में बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत माता के चित्र के समक्ष विधिवत पूजा, आरती एवं प्रसाद वितरण कर देश की उन्नति, सुशासन और समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया। साथ ही मां गंगा एवं मां भारती से भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने का आशीर्वाद मांगा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, पूर्व मेयर सुनील पासवान,



पूर्व डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ, चुन्नू कांत, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, जिला महामंत्री संदीप डंगेच, सुभाष सिन्हा, कामेश्वर पासवान, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सुनीत सिंह, संत कुमार लल्लू, राजेश जायसवाल, मनोज संघई, सुमन सिन्हा, ओम प्रकाश गुप्ता, संजीत सिंह, शैवाल घोष, अजय पाठक, नीलू सिन्हा, प्रकाश मिश्रा, अंशु सिंह, मनोज राम, टिंकू सिन्हा, अमित आर्या, वीरेंद्र वर्मा, सुजीत सिंह, अमर शर्मा, अरुण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा (सिंकु) ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज भारत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है और देश वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

# बालू के अवैध उत्खनन पर गुमला प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा बालू उत्खनन पर रोक लगाते ही गुमला जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। उपायुक्त के सख्त आदेश पर आज जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा बालू घाटों एवं भंडारण स्थलों पर व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। यह संयुक्त कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में की



गई। इस उच्चस्तरीय टीम द्वारा सिसई अंचल के अंतर्गत कोयल नदी के नागफ़ेनी, बरगाँव, पण्डरानी एवं ओलमुण्डा सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन और भण्डारण की औचक जाँच की गई। जाँच के क्रम में नागफ़ेनी नदी घाट पर ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर उसका परिवहन करते हुए पाया गया। इस मामले में खान निरीक्षक द्वारा सिसई थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 10 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक एन जी टी की रोक प्रभावी है। इस अवधि के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति बालू का अवैध खनन, परिवहन या भंडारण करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध खनन अधिनियम और आईपीसी के तहत कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का यह औचक छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता : उप विकास आयुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने की। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।




### नशे के विरुद्ध सामूहिक प्रयास जरूरी : डीडीसी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, बल्कि परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों को अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का बढ़ता दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विशेष रूप से युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को प्रभावित करता है तथा समाज में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों एवं सामाजिक संगठनों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने का निर्देश दिया।

### आम नागरिकों से नशे के खिलाफ आगे आने की अपील

उप विकास आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ही नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

### नशे की रोकथाम में समाज की भागीदारी आवश्यक : डीएसडब्ल्यूओ

मादक पदार्थों का अवैध कारोबार कानूनन अपराध : डीएसपी (नगर) मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (नगर) राजीव रंजन ने कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार एवं इसका सेवन कानूनन अपराध है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सतर्क एवं सक्रिय है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की शांति एवं सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 25 जून तक चलेगा व्यापक जागरूकता अभियान

कार्यशाला में बताया गया कि जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध 10 जून से 25 जून 2026 तक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, सेमिनार, जन संवाद तथा अन्य जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### प्रशिक्षण प्राप्त पदाधिकारियों ने साझा किए अनुभव

कार्यशाला में नशा मुक्त भारत अभियान के लिए जिले से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदा रानी एवं तीन महिला पर्यवेक्षिकाओं ने विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। साथ ही चंदनकियारी एवं बीएस सिटी की बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। सभी ने समाज में जागरूकता फैलाने और नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### तिथिवार कार्यक्रम निम्न हैं:-

11 से 12 जून 2026 - ग्राम स्तर पर चौपाल का आयोजन (जेएसएलपीएस एवं पंचायती राज विभाग)

16 से 17 जून 2026 झ प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम

18 से 20 जून 2026 - प्रमुख हाट-बाजारों में जागरूकता अभियान

22 से 23 जून 2026 - पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम

24 से 25 जून 2026 झ जिला स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार

### समन्वित प्रयास से अभियान को सफल बनाने का निर्देश

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराते हुए समन्वय स्थापित कर प्रभावी ढंग से कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आम नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन एवं तस्करी के विरुद्ध जागरूक रहने की अपील की गई। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुचिता किरण भगत तथा पुलिस उपाधीक्षक (नगर) राजीव रंजन उपस्थित थे।

# डीडीसी ने जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

## सेविका-सहायिका के रिक्त पदों को शीघ्र भरने एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ), महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आधार कैंप आयोजन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

बैठक में क्लस्टर स्तर पर आधार कैंप आयोजित करने की दिशा में चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कैंप की तिथियां निर्धारित करने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही, सभी प्रखंडों में पंचायतवार अथवा क्लस्टरवार आधार कैंप का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का नया आधार पंजीकरण एवं पुराने आधार की सूचनाओं का अद्यतन किया जा सके।

### रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश

उप विकास आयुक्त ने जिले में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को आमसभा के माध्यम से अविलंब भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

### आंगनबाड़ी भवनों का शीघ्र निर्माण एवं हस्तांतरण सुनिश्चित करें

बैठक में भवन प्रमंडल, डीएमएफटी, लघु सिंचाई एवं मनरेगा मद से निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर भवनों का हस्तांतरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन स्थानों पर भूमि अथवा अन्य प्रकार के विवाद हैं, वहां आवश्यकतानुसार अंचल अधिकारी कार्रवाई करेंगे तथा भवन निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे।

### भूमि चिन्हित कर भेजें प्रतिवेदन

जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अब तक भूमि चिन्हित नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र भूमि चिन्हित करते हुए जिला कार्यालय को प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जिन पोषक क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय स्थित हैं और वहां अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हैं, वहां आवश्यकतानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश भी दिया गया।

### आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में यथा संभव पाइप जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सभी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अनियमित संचालन पर होगी कार्रवाई उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिन सेविकाओं द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं किए जा रहे हैं, उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### पीएम मातृत्व वंदना योजना के आवेदनों का समय पर निष्पादन करें

बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को योजना के आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के सुसज्जीकरण हेतु राशि उपलब्ध

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सुसज्जीकरण एवं भोजन निर्माण के लिए ईंधन मद में प्रति वर्ष चार गैस सिलेंडर की राशि बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को उपावंटित कर दी गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परियोजना की अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## मार्च 2027 तक अस्पताल भवन का कार्य पूरा करने का निर्देश





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर-12 स्थित निमार्णाधीन सरकारी अस्पताल (मेडिकल कॉलेज) परियोजना का बुधवार को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अजय कुमार सिंह ने निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न भवनों एवं आधारभूत संरचनाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### विभिन्न भवनों एवं आधारभूत संरचनाओं की हुई क्रमवार समीक्षा

समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव ने अस्पताल भवन, मेडिकल कॉलेज भवन, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, गर्ल्स हॉस्टल, बॉयज हॉस्टल, इंटर्न हॉस्टल, नर्स हॉस्टल, रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल, कम्युनिटी सेंटर, स्टूडेंट रिक्रिएशन सेंटर, पेशेंट रिलेटिव एकोमोडेशन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), ईटीपी, अंडरग्राउंड वाटर टैंक समेत अन्य निमार्णाधीन संरचनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की।

### शैक्षणिक सत्र 2027-28 से मेडिकल कॉलेज संचालन की तैयारी

उन्होंने अस्पताल भवन (हॉस्पिटल बिल्डिंग) को प्राथमिकता के आधार पर मार्च 2027 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, शेष सभी कार्यों को चरणबद्ध जुलाई-अगस्त 2027 तक पूरा करने को कहा, ताकि शैक्षणिक सत्र 2027-28 से मेडिकल कॉलेज में नामांकन एवं शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ की जा सकें।

### वार्ड, लेक्चर थिएटर एवं अन्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य सचिव ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, लेक्चर थिएटर तथा अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता, उपयोगिता एवं मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

### 50 बेड का समर्पित पेइंग वार्ड विकसित करने का निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने अस्पताल परिसर में एक पूर्ण फ्लोर पर 50 बेड का डेडिकेटेड पेइंग वार्ड विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही, मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रवेश एवं निकास द्वारों की व्यवस्था का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

### डॉक्टर क्वार्टर में संशोधन एवं पद सृजन प्रक्रिया होगी शुरू

समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने डॉक्टर क्वार्टर को आवश्यकतानुसार मॉडिफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक पदों के सृजन (पोस्ट सैंक्शन) की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

### उपायुक्त को नियमित रूप से कार्य प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने उपायुक्त अजय नाथ झा को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परियोजना की नियमित रूप से प्रगति समीक्षा करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण कराने हेतु सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, संयुक्त सचिव एल एम शुक्ला,अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद, भवन निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह तथा के.एम.वी. प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एसआईआर के कार्य में लापरवाही बरतने वाले से 24 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर के कार्यों में लापरवाही बरतने और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में धनबाद प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, 40 धनबाद विधानसभा-सह-अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने राजकीय मध्य विद्यालय, पुटकी के प्रभारी प्रधानाध्यापक भागीरथ कुमार को कारण बताओ नोटिस स्पष्टीकरण जारी किया है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि आज सुबह लगभग 11:45 बजे उन्होंने मतदान केंद्र संख्या-409 (मध्य विद्यालय पुटकी नया भवन पूर्वी भाग) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का मुख्य गेट पूरी तरह से बंद पाया गया। बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी ऐसे विद्यालय भवनों के गेट खुले रखने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं, जहां मतदान केंद्र अवस्थित हैं, ताकि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) वहां बैठक कर एसआइआर 2026 से जुड़े निर्वाचन कार्यों का निष्पादन सुचारू रूप से कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार


### रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा पौधारोपण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेलवे ऑफिसर्स क्लब, रंगाटांड़, परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा प्रिया मिश्र, उपाध्यक्षा अल्पना झा, सचिव मीनाक्षी, शैली सहित संगठन की अन्य सम्मानित सदस्याओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा द्वारा महिला कर्मचारियों के बीच जूट का बैग वितरित किया गया एवं सभी को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ, हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।



### स्थाई लोक अदालत ने कैंप कोर्ट में 14 मामलों का किया निपटारा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्थाई लोक अदालत द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया भगाबांध शाखा में वर्षों से लंबित ऋण संबंधी 14 सुलहनीय मामलों का निपटारा किया गया। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार एवं सदस्य सुधीर कुमार सिन्हा तथा दुर्गा चरण निश्चल की पहल से कुल 1 लाख 19 हजार 650 रुपये की रिकवरी कराई गई। अभियान का उद्देश्य आपसी सुलह के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन करना है।




### महिला पुलिस कर्मियों ने चलाया पिंक पेट्रोलिंग अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देशानुसार बोकारो शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नगर महिला थाना की पदाधिकारी एवं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विशेष पिंक पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनमें सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा आमजन के बीच पुलिस के प्रति विश्वास एवं भरोसा बढ़ाना है। इस दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती की गई तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सहायता हेतु उपलब्ध पुलिस सेवाओं की जानकारी भी दी गई।



### प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अवसर पर आदिवासी समाज के कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के दीघार्यु एवं यशस्वी होने की कामना के लिए लुगूबुरु गुरु घंटा बारी में पूजन अर्चन की एवं उनके दीघार्यु होने की कामना की। इस कार्यक्रम में एसटी मोर्चा के कार्यकताओं के साथ मंडल अध्यक्ष प्रमोद दास प्रेमलाल साहू गोमिया मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार राम लाल सोरेन जिला महामंत्री भाजपा बोकारो, फुलचांद किस्कू एस टी नेता, धनीराम मांझी मुखिया जी, दरबारी हेंब्रम , रमाकांत सोरेन, राजेंद्र मुर्मू, अनिल मुर्मू ,नागेश्वर मुर्मू, जोधन मुर्मू,कला चंद मुर्मू ,बुधन मांझी, दासाराम टुडू,साझल मुर्मू , धनीराम मुर्मू , महेश मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू,प्रदीप मुर्मू रोड साहू गिरि जी के सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।



# अंडर-16 झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप हेतु बोकारो टीम का चयन ट्रायल संपन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 16 से 19 जून तक धनबाद में आयोजित होने वाली अंडर-16 झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा बुधवार को बोकारो पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 में बालक एवं बालिका वर्ग का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह ने बोकारो पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, निदेशक एवं प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से जिला बास्केटबॉल संघ का सहयोग करता रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न झारखंड सब-जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो की बालिका टीम द्वारा स्वर्ण पदक एवं बालक टीम द्वारा रजत पदक जीतने में भी बोकारो पब्लिक स्कूल के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। टीम चयन प्रक्रिया में संघ के टेक्निकल चेयरमैन अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष किंकर कृष्णा चयनकर्ता की भूमिका में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विशेष बनाने में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं भारतीय वायुसेना में कार्यरत राजीव रंजन तथा सुमित कुमार , मुकेश कुमार इंडियन आर्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तीनों खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और अपने अनुभव साझा किए। चयन ट्रायल के सफल संचालन में शांता मिश्रा, अनूप, पोलो, निशांत, वरुण, बंटी एवं प्रत्यूष सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# एसआईआर में भाजपा की मंशा झारखंड में पूरी नहीं होगी : विनोद पांडेय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर कराया जा रहा है, जिसकी शुरूआती प्रक्रिया मैपिंग का कार्य चल रहा हैं। इसके मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आज बोकारो टाउन हॉल में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें बूथ लेवल एजेंट (बीएलए ) को प्रशिक्षित किया गया। बूथ लेवल एजेंट को जे एम एम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने प्रशिक्षण दिया। श्री पांडेय ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि पार्टी के बी एल ए को सजगता और कर्मठता से काम करना होगा, क्योंकि एस आई आर के पीछे भाजपा की मंशा सही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने एस ए आर के माध्यम से बिहार और बंगाल में लाखों मतदाताओं का नाम कटवा दिया। परिणाम स्वरूप इन दोनों राज्यों में भाजपा भारी बहुमत से जीत गई। बी एल ए अगर मुस्तैदी से काम करेंगे तो झारखंड में भाजपा की मंशा पूरी नहीं होगी। उन्होंने आगाह किया कि एस आई आर से नाम कटने के बाद आपको वोट देने के अधिकार समाप्त हो जाएगा, साथ ही साथ सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

# 25 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान शुरू, रैली और नुक्कड़ नाटक से होगा जनजागरण




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के निर्देश पर बुधवार से धनबाद में 25 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत कर दी गई है। 25 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत जिलेभर में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, जनसंपर्क कार्यक्रम और स्कूलों में विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। अभियान का शुभारंभ जागरूकता रैली के साथ किया गया। सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि नशा किसी भी रूप में व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए नुकसानदायक है। अभियान के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोगों को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों, सामाजिक समस्याओं और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान के जरिए गांव-गांव और शहर के विभिन्न क्षेत्रों तक संदेश पहुंचाया जाएगा। वहीं स्कूलों में विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित कर बच्चों और किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे इस बुराई से दूर रह सकें। सिविल सर्जन ने बताया कि धनबाद जिले में कैंसर के इलाज पर सरकार प्रतिवर्ष लगभग 18 से 19 करोड़ रुपये खर्च करती है। यदि लोग नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, तो इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने में किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। नशा मुक्त झारखंड और नशा मुक्त धनबाद के लक्ष्य को लेकर शुरू किया गया यह अभियान आगामी 25 जून तक चलेगा, जिसमें प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और आम नागरिकों की सहभागिता से व्यापक जनजागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाएगा।

# महिला समिति बोकारो का वार्षिकोत्सव संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला समिति, बोकारो का वार्षिकोत्सव बीएसएल के मानव संसाधन विभाग के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक, डीआईजी (सीआईएसएफ), सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत महिला समिति की सदस्याओं द्वारा पौधा, पुष्पगुच्छ एवं गुलाब भेंट कर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष शुभम रंजन ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए समिति द्वारा समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे विविध कार्यों एवं योगदानों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार ने किया, जबकि समिति की सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी ने समिति की वार्षिक गतिविधियों एवं विभिन्न परियोजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं मनोरंजक बनाते हुए समिति की सदस्याओं ने नृत्य, गीत एवं लघु नाटिका (स्किट) सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर समिति की सचिव द्वारा रचित एक विशेष गीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए महिला समिति द्वारा समाज एवं समुदाय के कल्याण हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने समिति की सक्रियता, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर महिला समिति की वार्षिक पत्रिका ह्यमैत्रीह्न का भी विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समिति की उपाध्यक्ष अल्का मनवटी, देवजानी मिश्रा, आशा दत्त, डॉ. सेलिना एवं सुनीता भारद्वाज, सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, सह-कोषाध्यक्ष संघमित्रा पात्रा, सुरभि प्रभारी अनीशा झा, विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत एवं आशा राज, स्टिचिंग एवं सैनिटरी इकाई की प्रभारी प्रीति राजेश तथा समिति की सदस्याएँ समिता मोहंती, कल्पना वर्मा, भावना, रश्मि, यामिनी एवं अन्य सदस्याओं के समर्पित प्रयासों, उत्कृष्ट समन्वय एवं टीम भावना से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK